www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 47 || लखनऊ
रविवार
17 मई 2026 || पृष्ठ: 04 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

दैनिक
# तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:18
सूर्यास्त: 06:48
अधिकतम: 42°00
न्यूनतम: 29°00



पेज 07

विशेष समाचार इससे युवाओं का भविष्य लीक... >>पेज 04 | बर्थडे पार्टी से लौटे युवक की... >>पेज 06 | विजय का नाम सुन शरमाई ...

# 'ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशक'


## मोदी बोले पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

**चिंता**

तमसा संकेत, एजेंसी

द हेग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी-हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी "सरनामी" भाषा बोलते हैं। यहां भारतीय संगीत, भजन और भोजपुरी गीत काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भी लोगों ने कथक, गरबा और भोजपुरी गीत पेश किए। करीब दो लाख सूरीनामी-हिंदुस्तानी लोग आज नीदरलैंड में रहते हैं। उन्हें यूरोप में भारतीय मूल का सबसे पुराना बड़ा समुदाय माना जाता है। नीदरलैंड का राज परिवार यूरोप के सबसे पुराने शाही परिवारों में से एक माना जाता है। इसे 'हाउस ऑफ ऑरेंज-नासाउ' कहा जाता है। नीदरलैंड के मौजूदा राजा विलेम-अलेक्जेंडर हैं। उन्होंने साल 2013 में अपनी मां क्वीन बीट्रिक्स के पद छोड़ने के बाद राजगद्दी संभाली थी। विलेम-अलेक्जेंडर करीब 100 साल बाद नीदरलैंड के पहले पुरुष राजा बने। राजा की पत्नी नाम क्वीन मैक्सिमा हैं। वे मूल रूप से अर्जेंटीना से हैं। राजा और रानी की बड़ी बेटी कैथरीना-अमालिया नीदरलैंड की अगली रानी मानी जाती हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### प्रधानमंत्री बोले- ये दशक आपदाओं का दशक

प्रधानमंत्री ने कहा, आज की दुनिया नई चुनौतियों से जूझ रही है। पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट। ये दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दशक बन गया है। अगर ये नहीं बदला तो बीते अनेक दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा। बहुत बड़ी आबादी गरीब हो जाएगी। आज दुनिया रेजिलिएंट सप्लाई चेन की बात कर रही है, तब भारत और नीदरलैंड मिलकर एक भरोसेमंद, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार सप्लाई चेन बनाने में जुटे हैं।

"मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है। दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी।"



- पीएम ने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मोदी ने एक बच्चे से हाथ मिलाया।
- भारतीय मूल के एक युवक ने पीएम मोदी को राम मंदिर की पेंटिंग गिफ्ट की।
- पीएम के स्वागत में भारतीय कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य परफॉर्म किया।

### भारत ओलिंपिक खेलों की मेजबानी करना चाहता है- मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत की चाहतें सीमाओं तक सीमित नहीं है। भारत चाहता है ओलंपिक की मेजबानी करे, वैश्विक ऊर्जा लीडर और हरित ऊर्जा लीडर बने और दुनिया की ग्रोथ का इंजन बने। हमारे प्रयासों की गति भी अनलिमिटेड है। रिकॉर्ड हाईवे निर्माण, वंदे भारत जैसी ट्रेनें। बड़े से बड़ा लक्ष्य हो, आज का भारत कहता है कि हम यह लक्ष्य पाकर ही रहेंगे। आज का भारत अभूतपूर्व परिवर्तन से गुजर रहा है।





### मोदी ने भारत-नीदरलैंड की दोस्ती को कमल-ट्यूलिप जैसा बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नीदरलैंड के रिश्तों की तुलना कमल और ट्यूलिप फूल से की। उन्होंने कहा कि जैसे नीदरलैंड पूरी दुनिया में ट्यूलिप फूलों के लिए मशहूर है, वैसे ही भारत कमल के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कमल और ट्यूलिप दोनों हमें एक खास सीख देते हैं। चाहे जड़ें पानी में हों या मिट्टी में, असली ताकत और खूबसूरती अपनी जड़ों से ही मिलती है। PM मोदी ने कहा कि भारत में हर साल वोटिंग के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

पीएम ने कहा कि भारतीय बिजनेस के लिए यूरोप में एंट्री का नैचुरल गेटवे नीदरलैंड बनेगा। इस जर्नी में हमारा प्रवासी समुदाय भरोसेमंद ब्रिज बन सकता है। नीदरलैंड ट्यूलिप की धरती है। यहां के खूबसूरत फूल को देखने के लिए दुनिया से लोग आते हैं।

### पीएम मोदी ने पूछा- यहां भी पहुंच गया झालमुड़ी?

द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मजाकिया अंदाज में पूछा, "क्या झालमुड़ी यहां भी पहुंच गई?" उन्होंने भारत में बढ़ते वोटिंग प्रतिशत और महिलाओं की बड़ी भागीदारी का भी जिक्र किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हालिया विधानसभा चुनावों में 80 से 90 प्रतिशत तक मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि चुनावों में महिलाओं की भागीदारी भी बेहद ज्यादा रही। भारत में भी दुनिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन जम्मू कश्मीर में है। जिस तरह नीदरलैंड को ट्यूलिप के लिए जाना जाता है वैसे ही भारत कमल के लिए जाना जाता है।

## देश में लू की चेतावनी देने का तरीका बदलेगा

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। भारतीय मौसम विभाग (IMD) देश में हीटवेव अलर्ट जारी करने के नियम बदलने की तैयारी में है। विभाग का कहना है कि मौजूदा नियम देश के अलग-अलग इलाकों, खासकर केरलम के मौसम के मुताबिक असरदार नहीं हैं। इस साल केरलम में तेज गर्मी और उमस है। पहली बार कर्नाटक-महाराष्ट्र तट के पास बने एंटी-साइक्लोन सिस्टम के आधार पर मौसम का अनुमान लगाना पड़ा। IMD के मुताबिक केरलम में हीट स्ट्रोक के कई केस सामने आए, लेकिन मौजूदा नियमों के कारण हीटवेव की चेतावनी जारी करना मुश्किल था। अब IMD नए नियम बनाएगा, ताकि राज्यों को समय पर हीटवेव की चेतावनी दी जा सके। इसके लिए डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी से भी सलाह ली जाएगी। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और विदर्भ में आज हीटवेव का अलर्ट है।

## पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना बंद करे : जनरल उपेंद्र द्विवेदी

### तय करे कि दुनिया के नक्शे पर बने रहना है या इतिहास बनना है

तमसा संकेत, एजेंसी

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो उसे खुद तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है या इतिहास बनना चाहता है। दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'सेना संवाद' कार्यक्रम में उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी स्थिति दोबारा बनने के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत विरोधी आतंकियों को शरण देना बंद करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना



सुरक्षित नहीं है। यह अभियान अंत नहीं, बल्कि शुरुआत थी। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहेगा। जयपुर में 7 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है। सेना ने कहा- पहलगाम हमले में मारे गए हमारे भाई-बहनों को हम वापस नहीं ला सकते, लेकिन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि ऐसा हमला दोबारा न हो।


## नीट- यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दिल्ली से शिक्षिका गिरफ्तार

### छात्रों को लिखवाए सवाल, पेपर तैयार करने में थी शामिल

**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दूसरे मास्टर-माइंड को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी एक महिला और बायोलॉजी की लेक्चरर है और उसका नाम मनीषा गुरुनाथ मांधारे है। जानकारी के मुताबिक मनीषा मांधारे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा रह चुकी है। एक दिन पहले ही सीबीआई ने रिटायर्ड केमिस्ट्री टीचर पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया था। जांचकर्ताओं ने उसे मास्टरमाइंड और नीट पेपर



लीक सरगना का मुखिया बताया था। सीबीआई ने शनिवार को इस बारे में एक बयान जारी किया। इस बयान के मुताबिक मनीषा गुरुनाथ मांधारे को एक गहन जांच के बाद गिरफ्तार किया गया है। वह नीट यूजी 2026 परीक्षा की प्रक्रिया में शामिल थी। मनीषा को एनटीए ने बतौर एक्सपर्ट शामिल किया था।

>> (शेष पेज 06 पर)

### कोचिंग क्लास चलाते हुए लीक किए सवाल

इन कोचिंग क्लासेस के दौरान मंधारे ने बॉटनी और जूलॉजी विषयों से विभिन्न सवाल लीक किए। साथ इसके बारे में विस्तार से समझाया भी। उसने छात्रों से इन सवालों को अपनी नोटबुक में लिखने और किताब में चिन्हित करने को भी कहा। अब मांधारे को आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जाएगा। इनमें से अधिकांश प्रश्न तीन मई को आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्न पत्र से मेल खाते थे।

**फास्ट न्यूज**

### बोरवेल से 9 घंटे बाद निकाला बच्चा

जालंधर/होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे 30 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 4 साल के बच्चे को करीब 9 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाहर निकलने के बाद बच्चा अपनी मां से लिपटकर रोया। NDRF, SDRF, पंजाब पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के सहयोग से यह ऑपरेशन सफल बना।

### बंगाल के आसनसोल में पुलिस चौकी में तोड़फोड़-पथराव

आसनसोल। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद शुक्रवार रात को तनाव फैल गया। रेलपार इलाके में भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी। शाम को बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए।

### केंद्रीय मंत्री बंदी के बेटे की गिरफ्तारी पर रोक नहीं

तेलंगाना। तेलंगाना हाईकोर्ट ने POCSO केस में केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी बागीरथ की गिरफ्तारी पर रोक नहीं लगाई। उनकी अंतरिम अग्रिम जमानत याचिका पर अब अगली वेकेशन कोर्ट में आदेश आएगा। जस्टिस टी माधवी देवी ने शुक्रवार शाम याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई करीब आधी रात तक चली।

## सीजेआई ने कॉकरोच वाले बयान पर सफाई दी

### कहा- इसे गलत तरीके से पेश किया गया, मैंने फर्जी डिग्रीधारियों की आलोचना की थी

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। CJI ने कहा, मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई करते हुए देश के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से की थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच 15



जनवरी को वकील संजय दुबे की दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता सीनियर वकील का दर्जा पाना चाहता था। जस्टिस बागची ने सवाल किया कि क्या सीनियर एडवोकेट का टैग सिर्फ एक स्टेटस सिंबल है या न्याय व्यवस्था में भागीदारी का एक जरिया। CJI सूर्यकांत ने तब कहा था, कॉकरोच की तरह बहुत से युवा ऐसे हैं, जिन्हें इस पेशे में रोजगार नहीं मिल रहा है।

### केंद्रीय मंत्री ने योगी की तारीफ की, गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

## दुनिया जूझ रही... हम सभी को पेट्रोल-डीजल दे रहे : योगी

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। योगी ने कहा- जो लोग जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटते हैं, वे आपके हितैषी नहीं हो सकते। जब भी इनके (सपा) पास सत्ता आई, उसका इस्तेमाल अपने परिवार के लिए किया। भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी की



गई। शिलान्यास कार्यक्रम में गोरखपुर सांसद रवि किशन कार पुलिंग करके पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान और कुशीनगर सांसद विजय दुबे भी मौजूद रहे।

>> (शेष पेज 06 पर)

"योगी ने कहा- 500 खिलाड़ियों की नई भर्ती फिर से निकाली गई है। जिन्होंने इंटरनेशनल लेवल पर मेडल जीते हैं, उन्हें सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति पत्र मिलेगा। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा- आमतौर पर योगीजी की छवि एक सख्त और दृढ़ प्रशासक के रूप में है। लेकिन, उनके पास किसी भी विषय को गहराई तक समझने की अद्भुत क्षमता है।"

### सीएम योगी बोले- स्टेडियम में 30 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता

CM योगी बोले- वाराणसी में बीसीसीआई की मदद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन रहा है। गोरखपुर में भी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का शिलान्यास होगा। इसकी क्षमता 30 हजार दर्शकों की होगी। 46 एकड़ में स्टेडियम बन रहा है। 60 एकड़ रिजर्व रखा है, जहां बेहतरीन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाएंगे। हॉकी, इनडोर स्टेडियम बनेगा। होटल, रेस्टोरेंट व मार्केट बनेगा। आज से 5 साल पहले तक यह क्षेत्र उपेक्षित पड़ा था। बंजर था। जिसकी मर्जी थी, कब्जा कर लेता था। अब कब्जामुक्त है।

सामने वेटरनरी कॉलेज का निर्माण हो रहा है। पशुधन के उपचार का माध्यम बनेगा। तमाम पशु चिकित्सक भी तैयार होंगे। वे प्रदेश व देश में अपनी सेवाएं दे पाएंगे। उस सेवा के लिए भी यह परिसर उपयोग में आ रहा है। पिछले 60 दिनों से आम जनता को राहत देकर हर व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन और प्रबंधन के काम को उन्होंने आगे बढ़ाया है।

**आसार :** सुपर अल नीनो मई-जुलाई से सर्दियों तक जारी रहने के आसार, इससे मानसून कमजोर पड़ सकता है

## भारत में सूखा-भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है। नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61% थी, जो अब बढ़कर 82% हो गई है।

### अल-नीनो क्या होता है



अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असमान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है।

### अल-नीनो की संभावना 82% बढ़ी, दुनिया पर असर

नोआ के नए अपडेट के मुताबिक इस साल मई से जुलाई के दौरान सुपर अल नीनो डेवलप होने की 82% संभावना है। इसके सर्दियों (दिसंबर 2026 से फरवरी 2027) तक जारी रहने की 96% आशंका है। जबकि, इसके 'स्ट्रॉन्ग' या 'वेरी स्ट्रॉन्ग' रहने की करीब 67% आशंका है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका अब ज्यादा हो गई है।

- भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होती है। भीषण गर्मी पड़ती है।
- इंडोनेशिया, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में नमी खत्म होने से सूखा पड़ता है और जंगलों में आग का खतरा बढ़ जाता है।
- मध्य प्रशांत क्षेत्र में समुद्र का तापमान बढ़ने से भारी बारिश और चक्रवात की स्थिति बनती है।

### ज्यादा बारिश के बावजूद दुनिया सूख रही

*दुनिया में कुल मिलाकर बारिश बढ़ रही है, इसके बावजूद जमीन और इकोसिस्टम ज्यादा सूखे हो रहे हैं। नेचर में प्रकाशित एक नई स्टडी के मुताबिक, अब बारिश सालभर में बराबर बंटने के बजाय बड़े और ज्यादा तेज तूफानी दौर में हो रही है। इनके बीच लंबे ड्राई स्पेल आ रहे हैं। नतीजा यह कि एकसाथ बहुत ज्यादा पानी गिरने से मिट्टी उसे ज्यादा सोख नहीं पाती। पानी सतह पर जमा होता है और जल्दी भाप बनकर उड़ जाता है। मध्य प्रदेश में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है।*

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ नकवी भारत आ सकते हैं

### आईसीसी ने बोर्ड मीटिंग के लिए अहमदाबाद बुलाया

**न्योता**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी इस महीने भारत आ सकते हैं। ICC ने नकवी को अहमदाबाद में 30 और 31 मई को होने वाली बोर्ड मीटिंग का न्योता भेजा है। अहमदाबाद में 31 मई को IPL 2026 का फाइनल भी होना है। नकवी अगर भारत आते हैं तो IPL फाइनल भी अटेंड कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नकवी ने यह निमंत्रण पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेज दिया है। अब वही तय करेंगे कि नकवी भारत आएंगे या नहीं। जियो टीवी के मुताबिक, बोर्ड



मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ हैं।

मीटिंग्स पहले मार्च और अप्रैल में दोहा में होनी थीं, लेकिन तनाव और संघर्ष की वजह से इन्हें टाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने 12 मई को कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। दोनों देशों को एक-दूसरे को वीजा भी देना चाहिए। खेलकूद और व्यापार भी होना चाहिए।

## बारिश बंद हुई तो गर्मी-उमस बढ़ी, पारा 45 डिग्री सेल्यियस पहुंचा, अब रातें भी गर्म होंगी

# यूपी में 18 जून तक आ सकता है मानसून

**मौसम**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ। यूपी में मानसून 18 जून के आसपास दस्तक दे सकता है। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून केरल में 26 मई के आसपास पहुंच सकता है।

उन्होंने कहा- मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है कि 18 जून को मानसून गोरखपुर के रास्ते उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। हालांकि, यह एक संभावित तिथि है। जब मानसून केरल से आगे बढ़ेगा, तभी सटीक तारीख का आकलन किया जा सकेगा। शनिवार को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम साफ है। तेज धूप निकली है। मौसम विभाग ने झांसी और ललितपुर समेत 8 जिलों में हीटवेव (लू) का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में कानपुर, हरदोई, बदायूं और जालौन में बारिश दर्ज की गई। वहीं, बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



**मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह कहा पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो चुका है। अब तापमान में बढ़ोतरी होगी। दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी पड़ेगी। हीटवेव चलने और तपिश बढ़ने की संभावना है। पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है।**

> मौसम विभाग का कहना है कि उत्तराखंड के पहाड़ों पर मौसम लगातार बदल रहा है। कहीं बर्फबारी तो कहीं बारिश हो रही है। किसी-किसी दिन धूप के साथ मौसम साफ हो जा रहा है। अगले कुछ दिन ऐसे ही उतार-चढ़ाव के आसार हैं। इसका असर यूपी में दिख रहा है। पहाड़ों से आने वाली हवाएं मौसम को टंडा बनाए हैं। बारिश के अनुकूल सिस्टम तैयार कर रही हैं।

### यूपी में मानसून में कम बारिश होगी

जून से सितंबर के बीच उत्तर प्रदेश में भी सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है। मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. एम महापात्रा ने बताया कि इस साल प्रशांत महासागर में ला नीना जैसी स्थितियां खत्म होकर अल नीनो की ओर बढ़ने के संकेत हैं। जो कम वर्षा का कारण बनेगी। यानी इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से कमजोर रहने के संकेत हैं। साथ ही इस साल जनवरी-मार्च में उत्तरी गोलार्ध में बनी कम बर्फ भी मानसून को प्रभावित कर सकती है।





- लखनऊ के इकाना स्टेडियम शुक्रवार को मैच से पहले यूपी मेंआंधी-बारिश से हुई 111 मौतों पर
- एलएसजी-सीएसके टीम के खिलाड़ियों ने शोक जताया।

## आंधी-बारिश से फसलों को नुकसान, योगी बोले- सरकार जनता के साथ

बुधवार-गुरुवार को हुई बारिश और आंधी से फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। खासकर खीरा, ककड़ी और तरबूज जैसी सब्जी फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। सीएम योगी ने गुरुवार को कहा था कि आपदा की इस घड़ी में सरकार किसानों और जनता के साथ खड़ी है। शासन स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि जरूरतमंदों तक समय पर सहायता पहुंच सके। राहत कार्यों में अफसरों की किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 2025 के मानसून सीजन (जून से सितंबर) के दौरान औसतन 870 से 900 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यह सामान्य मानसूनी औसत से करीब 10 से 15 प्रतिशत अधिक रही।

**फास्ट न्यूज**

### एआरपी संघ अमेठी की नई कार्यकारिणी का गठन

अमेठी जिला। ए.आर.पी. संघ अमेठी की संगठनात्मक एवं शैक्षिक जनपद संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को गौरीगंज स्थित संगम रेस्टोरेंट में किया गया। इस दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संघ की नई जनपदीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। विवेक मिश्रा को अध्यक्ष, चंदन शुक्ल को महामंत्री और शिवेंद्र प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### मिल्कीपुर तहसील के लेखपाल पर कार्रवाई

अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील में तैनात चर्चित लेखपाल ज्ञान प्रकाश द्विवेदी पर आखिरकार प्रशासन ने कार्रवाई कर दी है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने और कई बार शिकायती पत्र दिए जाने के बाद जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से डीएलआरसी कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद तहसील क्षेत्र में इसकी व्यापक चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि लेखपाल ज्ञान प्रकाश द्विवेदी के खिलाफ लंबे समय से ग्रामीणों में नाराजगी थी। विभिन्न ग्राम पंचायतों के लोगों ने उन पर कार्यों में लापरवाही, शिकायतों के निस्तारण में देरी तथा आम जनता के साथ सही व्यवहार न करने जैसे आरोप लगाए थे।

### चोरी की बकरी-बकरा बेचने वाले दो गिरफ्तार

अमेठी जिला। अमेठी में मुसाफिरखाना पुलिस ने चोरी की बकरी और बकरा बेचने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से बिक्री के 5500 रुपये भी बरामद किए हैं। यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर की गई। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मोहम्मद कैफ (22 वर्ष) पुत्र मोहम्मद शकील, निवासी तकिया जमुवारी, और गुफरान (24 वर्ष) पुत्र फरीद अहमद, निवासी गुलाम हैदर मजरे जाखा शिवपुर, थाना मुसाफिरखाना के रूप में हुई है।


# दिल्ली किशनगंज स्टेशन पर आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे का दिल्ली मंडल अपने रेल बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में दिल्ली किशनगंज रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण आधुनिकीकरण परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है। अब दिल्ली किशनगंज रेलवे स्टेशन ट्रेन संचालन के लिए और अधिक उन्नत एवं सक्षम हो गया है।यह उन्नयन कार्य दिनांक 05.05.2026 से 13.05.2026 तक किया गया तथा 13 मई 2026 को दिल्ली किशनगंज (डी.के.जेड.) स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक सिग्नलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया। इस आधुनिकीकरण एवं यार्ड रीमॉडलिंग के अंतर्गत नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग आधारित सिग्नलिंग प्रणाली लागू की गई है, जिससे सुरक्षा, विश्वसनीयता, परिचालन दक्षता तथा सेक्शन में ट्रेनों की सुगम आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्नत प्रणाली में आधुनिक सिग्नलिंग तकनीक के साथ बेहतर फेल-सेफ सुविधाएं एवं उन्नत मॉनिटरिंग व्यवस्था शामिल है। कार्य की कुल लागत लगभग 4 करोड़ रही।




**यह कमीशनिंग दिल्ली मंडल में सिग्नलिंग बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है तथा यात्रियों एवं मालगाड़ियों दोनों के लिए सुरक्षित एवं अधिक कुशल ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने की भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।यह उपलब्धि रेलवे के दिल्ली मंडल एवं मुख्यालय की परियोजना टीमों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।**



## प्राइवेट वार्ड बुक करने वाले तीमारदार बोले- पैसे जमा करने के बावजूद सुविधा नहीं

# दीनदयाल अस्पताल में शोपीस बने एसी


तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । भीषण गर्मी से हर कोई त्रस्त है। इस भीषण गर्मी में पंडित दीनदयाल अस्पताल में भर्ती मरीज गर्मी में हांफते दिख रहे हैं। कुछ गिने चुने वार्डों की बात छोड़ दी जाए तो अधिकांश वार्डों में लगी AC महज शोपीस है। इतना ही नहीं इस अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में जिसके लिए मरीज रुपये देकर भर्ती हैं, वहां भी स्थिति यही है। यहां करीब 10 प्राइवेट वार्ड हैं जिसमें AC तो लगी हैं लेकिन वह सिर्फ दिखावे की है। इसी प्राइवेट वार्ड का शुल्क मरीजों से एक दिन का 400 रुपये लिया जाता है। तीमारदार इसकी शिकायत कई बार अस्पताल प्रबंधन से कर चुके हैं लेकिन आश्वासन दिया जाता है कि जल्द ही ठीक हो जाएगा। अब सवाल यह है कि कोई जनप्रतिनिधि या अफसर यहां निरीक्षण करने आता है तो आखिर ये सब एसी कैसे चलने लगती है।

इसी तरह आजमगढ़ जनपद के तेज बहादुर सिंह 12 मई से प्राइवेट वार्ड में अपने मरीज को लेकर भर्ती हैं। वह कहते हैं, एसी न चलने से इतनी गर्मी में मरीज को बहुत परेशानी हो रही है। एसी के लिए ही हमने इस प्राइवेट वार्ड में 2000 रुपये में मरीज को शिफ्ट कराया है लेकिन फिर भी ये स्थिति। सारनाथ की मीरा देवी भी प्राइवेट वार्ड में हैं। इनके तीमारदार लगातार शिकायत कर रहे हैं लेकिन एसी नहीं चलाई गई। प्राइवेट वार्ड में एसी तो लगी है लेकिन इसका रिमोट मरीज व तीमादारों को नहीं दिया जाता है। रिमोर्ट ड्यूटी में तैनात नर्सिंट स्टाफ के पास होता है।



- अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरएस राम कहते हैं, कुछ वार्ड में चूहों ने एसी खराब कर दी है जिससे यह दिक्कतें हो रही हैं।
- प्राइवेट वार्ड में एसी के नीचे लिखा है एसी चालू करने के लिए नर्सिंग काउंटर पर संपर्क करें।



### 'किस चीज का लिया जा रहा है शुल्क'

शिवपुर तरना के रहने वाले डॉ. मुकेश सिंह करीब 15 दिनों से अपने मरीज मधु सिंह को लेकर वार्ड नंबर 12 में लेकर एडमिट हैं। वह कहते हैं कि जब वह आए तो बताया गया कि इस वार्ड में एसी चलती है, सब ठीक है लेकिन 15 दिनों में एक दिन भी एसी नहीं चलाई गई। मरीज अंदर गर्मी से घूंट रहा है लेकिन नर्सिंग स्टाफ से कई बार कहने के बाद भी वह लोग सिर्फ टालमटोल करती हैं। हम मरीज लेकर परेशान हैं अब इस समय किससे शिकायत करने जाएं?

## बाराबंकी में प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात, राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने दिया आश्वासन

# यूपी में ग्राम प्रधानों ने उठाई कार्यकाल बढ़ाने की मांग

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायतों का वर्तमान कार्यकाल समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यकाल के विस्तार की मांग उठाई है। बाराबंकी में प्रधानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यमंत्री सतीशचंद्र शर्मा से मुलाकात कर यह अनुरोध किया, जिस पर उन्हें सकारात्मक आश्वासन मिला।

मुलाकात के दौरान ग्राम प्रधानों ने पंचायतों से जुड़ी समस्याएं और अपनी मांगें राज्यमंत्री के सामने रखीं। सतीश चंद्र शर्मा ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और ग्रामीण विकास में प्रधानों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पंचायतों में वर्तमान समय में कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं और निर्माण कार्य चल रहे हैं। उनका कहना था कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि सीधे जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति बनी रहती है। प्रधानों ने प्रशासनिक प्रशासकों की नियुक्ति के बजाय निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही सेवा का अवसर देने को जनहित में बताया।



> राज्यमंत्री ने प्रधानों को आश्वस्त किया कि विकास कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए वे उनकी भावनाओं और कार्यकाल विस्तार से जुड़े विषयों को शासन स्तर पर मजबूती से उठाएंगे। इस आश्वासन के बाद प्रधानों में उम्मीद जगी है।

### बड़ी संख्या में पहुंचे प्रधान

मुलाकात के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने अपनी एकजुटता दिखाते हुए उम्मीद जताई कि उनकी मांग मुख्यमंत्री तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी।

# रामलला का दर्शन करना सौभाग्य की बात : मैथिली ठाकुर


## राम दरबार को देखना दिव्य अनुभव, शब्दों में बयां करना मुश्किल

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । बिहार की लोक गायिका और अलीनगर से BJP विधायक मैथिली ठाकुर अयोध्या में है। विधायक बनने के बाद शुक्रवार को उन्होंने रामलला के पहली बार दर्शन किए। उसके बाद सरयू की आरती में शामिल हुई। उन्होंने इस दौरान मीडिया से भी बातचीत की।

उन्होंने कहा-विधायक के रूप में यह उनकी पहली अयोध्या यात्रा थी, उनके लिए रामलला का दर्शन करना सौभाग्य की बात है। राम दरबार और पूरे परिसर को देखना एक दिव्य अनुभव रहा, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

पार्टी ने उन पर भरोसा किया वह उनके लिए बहुत बड़ी बात है। वह धार्मिक गानों की शूटिंग के लिए अयोध्या पहुंची हैं।अयोध्या के अनेक स्थानों पर उनके गीतों की शूटिंग होगी और वह बेहद जल्द उनके दर्शकों तक पहुंचेगी।



### हनुमानगढ़ी और कनक भवन में दर्शन किया

रामलला के बाद उन्होंने हनुमान गढ़ी और कनक भवन में भी विशेष पूजन किया. शाम के समय मैथिली सरयू तट पर होने वाली भव्य आरती में शामिल हुईं और मां सरयू का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने बताया कि वे अपने क्षेत्र अलीनगर की जन समस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय हैं और विकास कार्यों को गति दे रही हैं. मैथिली ने अपनी आगामी योजना का खुलासा करते हुए कहा कि उनका मुख्स फोकस युवाओं के स्किल डवलपमेंट पर है।

**कोहराम : शोरूम और 7 दुकानें जलकर राख ■ 2 किलोमीटर दूर तक दिखा धुआं**

# नोएडा की फर्नीचर मार्केट में भीषण आग, कई ब्लास्ट हुए


तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले में शुक्रवार रात करीब 10 बजे शाहबेरी फर्नीचर मार्केट में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें करीब 20 फीट तक ऊपर उठ रही थीं। आसमान धुएं से ढक गया था। 2 किमी दूर तक धुएं का गुबार देखा गया। इस दौरान कई धमाके भी हुए। इससे आसपास के लोग सहम गए।

सूचना पाकर दमकल विभाग की करीब 32 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस विभाग की मदद से आग बुझाने के काम में जुट गईं। करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन, तब तक 6 फर्नीचर और 2 प्लास्टिक की दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनी ये मार्केट अवैध है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग पहले एक प्लास्टिक की दुकान में लगी थी, जो कुछ मिनटों में आसपास की दुकानों तक फैल गईं।



■ घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग जुट गए, जिससे आसपास की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बन गई।



### पुलिस ने रास्तों को डायवर्ट कर ट्रैफिक को संभाला

पूरा मामला बिसरख थाना क्षेत्र का है। आग लगने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए, जिससे आसपास की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने रास्तों को डायवर्ट कराया और भीड़ को हटाने का प्रयास किया।

आग तेजी से फैलने के कारण ग्रेटर नोएडा वेस्ट से क्रॉसिंग रिपब्लिक की तरफ जाने वाले मार्ग को भी बंद किया गया। इसकी वजह से रोड पर काफी लंबा जाम लग गया। शाहबेरी में रोड काफी संकरी होने के कारण कई जगह पर दमकल की गाड़ी को भी पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मार्केट के पीछे वाले क्षेत्र में लो राइज कॉलोनी होने की वजह से लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

### तेज धमाकों की आवाज से सहमे लोग

आग के दौरान कई धमाकों की आवाज भी सुनाई दी। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक गोदाम में पेंट और अन्य ज्वलनशील केमिकल से भरे डिब्बे रखे होने की आशंका है, जिनकी वजह से धमाके हुए। आग इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। लोग धमाकों से सहम गए।

दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अधिकारियों का कहना है कि पूरी तरह आग बुझने और मलबा हटने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि गोदाम में गैस सिलेंडर या अन्य विस्फोटक सामान रखा था या नहीं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### हरिश्चंद्र महाविद्यालय के छात्रों ने फूंका एनटीए का पुतला

वाराणसी। NEET-UG की परीक्षा लीक होने के बाद रद्द होने से पूरे देश में विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। MHRD डिपार्टमेंट ने भी इसे फेलियोर बताया है और जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद CBI जांच कर रही है। NTA का विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में हरिश्चंद्र महाविद्यालय के छात्रों ने NTA का पुतला फूंका और जमकर विरोध किया। इस दौरान उन्होंने NTA को शिक्षा का राक्षस बताया। इस दौरान MHRD मिनिस्टर धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। हरिश्चंद्र महाविद्यालय के छात्रों ने तय कार्यक्रम के अनुसार NTA का विरोध किया। NTA का पुतला बनाकर पहले कैंपस में लेकर घूमे और उसे गेट से बाहर ले जाने की कोशिश की पर कोतवाली पुलिस ने उन्हें गेट के अंदर ही रोक लिया। जहां छात्रों और पुलिसकर्मियों में नोकझोक भी हुई।

# अयोध्या में टेंट मजदूर की करंट लगने से मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या जिले के मवई थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में शनिवार सुबह एक टेंट मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा मुंडन भोज कार्यक्रम समाप्त होने के बाद टेंट खोलने के दौरान हुआ। मृतक की पहचान चैन पुरवा निवासी जुबेर अहमद (33) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, पकड़िया गांव निवासी जवाहर लाल की नातिन के मुंडन संस्कार के उपलक्ष्य में शुक्रवार रात भोज एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम देर रात करीब 12 बजे तक चला, जिसके बाद टेंट लगाने वाले मजदूर वहीं रुक गए थे।

शनिवार सुबह जुबेर अहमद अपने अन्य साथियों के साथ टेंट खोलने का काम कर रहे थे। इसी दौरान टेंट का लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन से छू गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पाइप के हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आते ही तेज धमाके जैसी आवाज हुई और जुबेर गंभीर रूप से झुलस गए।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने जुबेर को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंची।




■ मुंडन भोज के बाद टेंट हटाते समय हाईटेंशन लाइन से टकराया पाइप

# डीजे विवाद में दूल्हा, उसके 2 भाई घायल, बारात लौटी

## हरदोई में रिश्तेदारों ने बारातियों को लाठी-डंडे से पीटा, पिता बोले- खेत बेचकर की थी तैयारी

**मारपीट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। यूपी के हरदोई में शादी के दौरान बवाल हो गया। डीजे बंद करने के लिए कहने पर दुल्हन के गांव वालों ने बारातियों पर हमला बोल दिया। बारातियों को दौड़ा-दौड़ाकर लाठी-डंडे से पीटा। कुर्सियां भी फेंकीं। हमलावरों ने दूल्हे तक को नहीं छोड़ा। मारपीट में दूल्हा और उसके दो भाई घायल हो गए। सभी को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल एक भाई को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मारपीट की इस घटना के बाद शादी टूट गई। बारात बेरंग वापस लौट गई। शादी टूटने से दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दुल्हन का कहना है- आरोपी उसके परिवार के नहीं थे। सभी नशे में धुत थे। पुलिस ने दुल्हन की तहरीर पर छह नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शादी के वीडियो जांचे जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। घटना जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूर टड़ियावां थाना क्षेत्र की है। कनकोहरी पुरवा निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी सांडी थाना क्षेत्र के जजवासी गांव निवासी शोभित से तय की थी। शुक्रवार रात शोभित अपने परिवार और दोस्तों के साथ बारात लेकर कनकोहरी पुरवा पहुंचे थे। शादी की रस्में चल रही थीं और डीजे बज रहा था। द्वारचार की रस्म भी पूरी की जा चुकी थी। देर रात जयमाल का कार्यक्रम शुरू होने जा रही था। सभी लोग स्टेज पर पहुंचे तो दूल्हे के पिता ने डीजे बंद करने को कहा।




### दुल्हन ने दी सुसाइड की धमकी, बोली- नशे में थे आरोपी, जान से मारने आए थे

दुल्हन अपने पिता और नानी के साथ शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंची। कार्रवाई की मांग की। दुल्हन ने कहा- मेरी कल शादी थी। धूमधाम से बारात आई थी। सब कुछ अच्छा चल रहा था। मेरे ससुर ने डीजे बंद करने को कहा तो मेरे ही कुछ रिश्तेदारों ने हमला कर दिया।

### खेत बेचकर कर रहा था शादी, जमीन भी गई, इज्जत भी- पिता

दुल्हन के पिता ने कहा- मैं किसानी करके परिवार पालता हूं। पत्नी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। दो बेटियां हैं। जैसे तैसे दो लाख रुपए में दो बीघा जमीन बेचकर बड़ी बेटी की शादी की तैयारियां की थीं। पर रिश्तेदारों ने झगड़ाकर शादी तुड़वा दी। अब जमीन भी गई, इज्जत भी। क्या करूं, समझ नहीं आ रहा। दुल्हन की नानी ने बताया- शादी टूटने के बाद दुल्हन रात में बहुत रो रही थी। बार-बार फांसी लगाकर जान देने की बात कह रही थी। हम लोग रात भर डर के मारे उसके पास ही बैठे रहे, ताकि वह खुद को कुछ कर न ले।

> **दुल्हन के पिता वेदप्रकाश ने बताया कि पारुल उनकी सबसे बड़ी बेटी है और उनकी पत्नी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। घर में यह पहली शादी थी। उन्होंने शादी के खर्च के लिए अपनी 2 बीघा जमीन करीब 2 लाख रुपये में गिरवी रखी थी।**



दुल्हन अपने पिता और नानी के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। कार्रवाई की मांग की।

### थानाध्यक्ष इफ्तियार खान ने बताया

शिकायत के आधार पर कुलदीप, राहुल, विजय, शिवा और अजय समेत 6 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शादी समारोह के वीडियो खंगाले जा रहे हैं।

# पीएम मोदी की अपील का बाराबंकी में असर

## शहर में बढ़ा साइकिल और इलेक्ट्रिक स्कूटी का क्रेज

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'जरूरत पड़ने पर ही वाहन इस्तेमाल करें' अपील का असर दिखना शुरू हो गया है। हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय तनाव और तेल आपूर्ति संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचने की अपील की थी। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, वर्चुअल मीटिंग या वैकल्पिक साधनों के उपयोग पर जोर दिया था। इस अपील के बाद जिले में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ी है। बाराबंकी शहर में इन दिनों साइकिल और इलेक्ट्रिक स्कूटी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। छोटी दूरी के लिए लोग अब बाइक और कार के बजाय साइकिल का उपयोग कर रहे हैं। वहीं, युवा और नौकरीपेशा लोग इलेक्ट्रिक स्कूटी में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। शहर के शोरूम संचालकों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में पूछताछ और उनकी बिक्री दोनों में इजाफा हुआ है। सड़कों पर भी ई-स्कूटी और साइकिल चलाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। लोग इसे केवल खर्च बचाने का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और भविष्य के प्रति जिम्मेदारी भरा कदम मान रहे हैं। हालांकि, जिले में डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी किसी तरह की कमी की स्थिति नहीं है।




**फास्ट न्यूज**

### हरदोई में गंगा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

हरदोई। हरदोई के शुक्रवार आधी रात के बाद गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से हरदोई-बिलग्राम मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑल्टो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सड़क पर ब्रेकर और रेडियम संकेतक न होना हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है।

### अन्नप्राशन कार्यक्रम के बाद युवक ने खाया जहर

सीतापुर। सीतापुर के पिसावा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। घर में बेटे के अन्नप्राशन कार्यक्रम की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब शराब के नशे में एक युवक ने आपसी विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रामपुरभूड़ गांव निवासी 30 वर्षीय शैलेन्द्र सिंह के छोटे बेटे का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित था। घर में रिश्तेदारों और गांव के लोगों की मौजूदगी में पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल रहा।

### निलंबित जूनियर क्लर्क ने साजिश का लगाया आरोप


हरदोई। हरदोई में जिलाधिकारी अनुनय झा के औचक निरीक्षण के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) कार्यालय में विवाद गहरा गया है। इस निरीक्षण के बाद एक कनिष्ठ लिपिक को निलंबित किया गया है, जिसने अब गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों की उपस्थिति, मिड-डे मील, पत्रावलियों और अन्य प्रशासनिक कार्यों की गहन जांच की गई। इसमें शिक्षक समायोजन, कस्तूरबा गांधी विद्यालय और स्थानांतरण से संबंधित महत्वपूर्ण फाइलों के लंबित होने तथा चार्ज हस्तांतरण में अनियमितताएँ पाई गईं।

# शटडाउन के बावजूद चालू हुई लाइन

## संविदा लाइनमैन की मौत पर जेई समेत 2 पर केस, विभाग देगा 7.5 लाख की सहायता

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर पर काम कर रहे एक संविदा लाइनमैन की दर्दनाक मौत के मामले ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुरुआती जांच में विभागीय लापरवाही सामने आने के बाद संबंधित जेई और टीजीटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद विभागीय अधिकारियों ने शटडाउन प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी थी, जिससे स्थिति संदिग्ध बनी रही। हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बाद में हुई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि लाइनमैन ने विधिवत शटडाउन लेकर काम शुरू किया था, इसके बावजूद लाइन अचानक चालू हो गई। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए मृतक के भाई सुरेंद्र कुमार की तहरीर पर जेई अश्वनी कुमार और टीजीटी अर्जुन लाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को विभाग की ओर से 7.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मामले की जांच जारी है और विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।



### काम के दौरान हुआ हादसा

घटना 14 मई को काजीकमालपुर उपकेंद्र के नौव्वा भेंका फीडर अंतर्गत सुजौलापुर गांव की है। यहां पीलीभीत निवासी संविदा कर्मचारी प्रवेश शर्मा ट्रांसफार्मर पर मरम्मत कार्य कर रहे थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने नियमानुसार शटडाउन लेकर काम शुरू किया था, लेकिन अचानक लाइन में करंट प्रवाहित हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### परिजनों को आर्थिक सहायता का आश्वासन


विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार को विभाग की ओर से 7.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। हादसे के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# पत्नी को विदा कराने आए युवक ने की आत्महत्या

## कल पथरी का ऑपरेशन होना था, पुलिस मौत का कारण तलाशने में जुटी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई के सांडी थाना क्षेत्र के कुठिला नवाबगंज में उस समय सनसनी फैल गई। जब पत्नी को विदा कराने ससुराल आए एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद शनिवार की सुबह शव देख कर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, कुठिला नवाबगंज गांव निवासी लाली पुत्री सर्वेश का विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व शाहजहांपुर के थाना कलान स्थित ग्राम पतारपुर निवासी जंगपाल से हुआ था। लाली करीब 20 दिन पहले अपने मायके आई हुई थी। जिसे विदा कराने के लिए जंगपाल गुरुवार को अपनी ससुराल आया था। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर अनबन या विवाद हो गया। इसके बाद जंगपाल ने घर के आंगन में खड़े बेल के पेड़ पर गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह पेड़ पर लटका शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग एकत्र हो गए। मृतक जंगपाल की यह दूसरी शादी थी। उसकी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी। पहली पत्नी से उसके पांच बच्चे थे, जबकि दूसरी पत्नी से दो बच्चे हैं। घटना के बाद पूरा परिवार गहरे सदमे में है। मृतक के पेट में पथरी थी, जिसका शुक्रवार को अल्ट्रासाउंड कराया गया था और शनिवार को ऑपरेशन होना था। फिलहाल, आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक, जंगपाल का हाल ही में अल्ट्रासाउंड हुआ था और उसका ऑपरेशन भी तय था। हालांकि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# पिता बनने से पहले युवक की हादसे में मौत

## हरदोई में पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, पत्नी गर्भवती थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई में मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के तहत गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर शुकरावत देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपनी रिश्तेदारी से लौट रहा था, तभी एक पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने बाइक के नंबर से मृतक की पहचान की और परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान मल्लावां कोतवाली के बलेहरा गांव निवासी 26 वर्षीय रिंकू के रूप में हुई है। वह रामखिलावन का इकलौता बेटा था। शुक्रवार रात रिंकू उन्नाव के सफीपुर स्थित अपनी रिश्तेदारी से बाइक पर वापस लौट रहा था। सुनासीर नाथ मंदिर से कुछ दूरी पर गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर पहुंचते ही एक पिकअप ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर हाई-वे पर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर रिंकू की पहचान की और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गया। रिंकू की शादी वर्ष 2024 में उन्नाव के छुट्टापुरवा गांव में हुई थी। उसकी पत्नी आकांक्षा गर्भवती थी और परिवार में नन्हे मेहमान के आने का इंतजार किया जा रहा था।



### ऑटो की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

बाराबंकी। शनिवार की सुबह करीब साढ़े बजे एक्स एल बिक्की से रामनगर की ओर जा रहें वृद्ध को तभी सामने से आ रहें आटो ने जोरदार टक्कर मार दी गंभीर रूप से घायल वृद्ध को डायल 112 सीएचसी बड़ागांव लेकर गये जहां चिकित्स्को ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला आईमाहर निवासी 72 वर्षीय अब्दुल अली उर्फ मुन्ना पुत्र नूर मोहम्मद शनिवार की सुबह किसी कार्य से अपनी एक्स एल बिक्की से रामनगर की ओर जा रहे थे बिन्दौरा चौराहे पर जैसे ही पहुंचे थे कि सामने से आ रहें आटो नम्बर यूपी 41सीटी 4623 ने जोरदार टक्कर मार दी हाइवे पर हुई दुर्घटना से लोगो की भीड़ लग गयी गंभीर रूप से घायल वृद्ध को डायल 112 से सीएचसी बड़ागांव लाया गया जहां चिकित्स्को ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद घर एव गाँव मे कोहराम मच गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतें आईं

## 9 का मौके पर निस्तारण, बाकी मामलों में अधिकारियों को समाधान के निर्देश

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 23 जनसमस्याएं दर्ज की गईं। इनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने की, जबकि तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने आयोजन का संयोजन किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक 10 मामले राजस्व विभाग से जुड़े रहे, जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। पुलिस विभाग से 3, बिजली विभाग से 2 और विकास विभाग से 2 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका समाधान लंबित है। इसके अलावा जल जीवन मिशन, जिला प्रोबेशन और बाल विकास पुष्टाहार विभाग से 1-1 शिकायत लंबित रही। वहीं समाज कल्याण विभाग की 2 और कृषि विभाग की 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को इसकी सूचना भी दी जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादी पहुंचे।

### राजस्व विभाग की शिकायतें सबसे अधिक

प्राप्त 23 शिकायतों में सबसे अधिक 10 मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित लेखपालों और राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### अधिकारियों को दिए गए निर्देश

उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतकर्ताओं को उनके मामलों की प्रगति और निस्तारण की सूचना समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके।

**आरोप : छह सूत्रीय मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

# शिक्षकों का धरना प्रदर्शन

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रायबरेली। रायबरेली में बेसिक शिक्षकों ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर समायोजन प्रक्रिया में अनियमितताओं को दूर करने की मांग की। शिक्षकों का आरोप है कि बेसिक शिक्षकों का समायोजन मनमाने ढंग से किया जा रहा है, जो माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के विपरीत है। 2018 में उच्च न्यायालय ने कनिष्ठ शिक्षकों का समायोजन रद्द कर दिया था, और पुनः 2024 में इसे स्थगित किया गया था। समायोजन के लिए मांगी गई छात्र संख्या 30 अप्रैल 2026 की ली जा रही है, जबकि परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश 30 सितंबर तक होते हैं। शिक्षकों का कहना है कि पोर्टल पर दिख रही संख्या पुरानी है और वास्तविक छात्र संख्या बढ़ चुकी है, इसलिए नई संख्या देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, समायोजन करते समय प्रधानाध्यापक को भी सहायक अध्यापक गिना जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है। शिक्षकों ने मांग की कि प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो सहायक अध्यापक अवश्य होने चाहिए। कोर्ट ने एकल विद्यालयों में कम से कम दो अध्यापक करने को कहा है, न कि व्यापक स्तर पर फेरबदल करने को। इतनी बड़ी संख्या में फेरबदल से जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य भी प्रभावित होंगे। शिक्षकों ने यह भी मांग की कि समायोजन ऑनलाइन और पारदर्शी होना चाहिए। यथासंभव शिक्षकों को उनकी ही न्याय पंचायत या ब्लॉक में समायोजित किया जाए।



> **शिक्षकों ने समायोजन में वरिष्ठता/कनिष्ठता के निर्धारण के तरीके पर भी आपत्ति जताई। उनके अनुसार, विद्यालय में ज्वाइन करने की तिथि से वरिष्ठता तय करना गलत है, क्योंकि इससे कनिष्ठ शिक्षक हमेशा कनिष्ठ ही बने रहेंगे और उनका ही बार-बार समायोजन होता रहेगा। वहीं, लंबे समय से एक ही विद्यालय में कार्यरत अध्यापक उसी विद्यालय में बने रहेंगे। जुलाई 2025 में हुए समायोजन को अभी 10 माह भी नहीं बीते हैं कि उन्हीं शिक्षकों को पुनः कनिष्ठ सरप्लस दिखाकर समायोजित किया जा रहा है।**

### तहसील दिवस पर 500 से अधिक शिकायते

रायबरेली। रायबरेली जिले की सभी छह तहसीलों—सदर, महराजगंज, सलोन, ऊंचाहार, डलमऊ और लालगंज में शनिवार को 'तहसील संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने स्वयं तहसील परिसर में उपस्थित रहकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जन-सुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समाधान सुनिश्चित किया जाए और उन्हें लंबित न रखा जाए। ऊंचाहार तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (एडीएम) ने की। वहीं, अन्य तहसीलों में संबंधित उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) ने मोर्चा संभाला और स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं का निराकरण किया।

# सीतापुर थाने में जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि और इंस्पेक्टर में नोकझोंक

## मारपीट मामले में कार्रवाई न होने पर पहुंचे थे नेता

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर। सीतापुर के सदरपुर थाना परिसर में शुक्रवार शाम जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता और सदरपुर थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा के बीच हुई तीखी नोकझोंक का मामला सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे और स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि मामला सदरपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव का है। गांव निवासी उमेश कुमार ने आरोप लगाया है कि खेत की मेड़ को लेकर गांव के कुछ लोगों से उसका विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में बीती 6 मई को उसके साथ मारपीट की गई थी। पीड़ित का कहना है कि उसने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई और मुकदमा भी दर्ज नहीं किया गया। आरोप है कि न्याय न मिलने पर पीड़ित भाजपा नेता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता के पास पहुंचा। इसके बाद शिवकुमार गुप्ता समर्थकों के साथ सदरपुर थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई न होने का कारण पूछने लगे। इसी दौरान उनके कुछ कार्यकर्ता बातचीत का वीडियो बनाने लगे, जिस पर थाना अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने आपत्ति जताई। वीडियो बनाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि थाना अध्यक्ष ने वीडियो बंद कराने के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। वहीं थाना अध्यक्ष मुकेश वर्मा का कहना है कि मामला भूमि कब्जे और जबरन जमीन कब्जा करने के विवाद से जुड़ा है, इसलिए प्रथम दृष्टया मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। वहीं शिवकुमार गुप्ता ने चेतावनी दी है कि यदि 17 मई तक थाना अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह धरना-प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।



# सम्पादकीय

## मंदिर ही है भोजशाला



मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद मामले में इंदौर हाई कोर्ट के इस निर्णय पर आश्चर्य नहीं कि भोजशाला परिसर एक हिंदू मंदिर ही था। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआइ के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें निर्देशित किया गया था कि भोजशाला परिसर में शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाएगी और मंगलवार को पूजा होगी।

हाई कोर्ट ने मुस्लिम समाज से सरकार से मस्जिद के लिए अलग से जमीन की मांग करने को कहा है। यह फैसला अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का स्मरण कराने वाला है। इंदौर हाई कोर्ट के फैसले पर इसलिए किसी को चकित नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि परमार राजवंश के राजा भोज के वंशजों ने भोजशाला परिसर में मां वाग्देवी यानी देवी सरस्वती के मंदिर का निर्माण कराया था। एक समय यह संस्कृत शिक्षण का बड़ा केंद्र था।

इस धार्मिक स्थल के मंदिर होने के साक्ष्य कथित कमाल मौला मस्जिद की दीवारों पर उससे भी स्पष्ट रूप से अंकित थे, जैसे अयोध्या में मिले थे। इस विवादित स्थल को लेकर इंदौर हाई कोर्ट इसलिए अपना फैसला दे सका, क्योंकि यह स्थल 1958 के अधिनियम के तहत एक एएसआइ संरक्षित स्मारक है। यदि ऐसा नहीं होता तो 1991 में पारित धार्मिक स्थल अधिनियम के चलते इस स्थान की यथास्थिति कायम रहती। दुर्भाग्य से इस भेदभावपूर्ण अधिनियम के चलते धार जैसे अन्य मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है और इसके चलते समय-समय पर विवाद उभरते रहते हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव पर बुरा असर डालते हैं।

यह अच्छा है कि धार मामले में हाई कोर्ट की ओर से फैसला आने के कारण किसी तरह का सांप्रदायिक विग्रह देखने को नहीं मिला, लेकिन इतना तो है ही कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो भी हो, इसकी अनदेखी न की जाए कि इस तरह के न जाने कितने मामले हैं। उनके निस्तारण में जो धार्मिक स्थल अधिनियम बाधक है, उसे भी चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित यह होगा कि वह इस अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं का निपटारा शीघ्र करे। इसी के साथ यह भी उचित होगा कि विवादित धार्मिक स्थलों को संबंधित पक्ष अर्थात हिंदू और मुस्लिम आपसी सहमति से सुलझाएं। इससे उनमें सद्भाव बढ़ेगा। यह तभी संभव हो पाएगा, जब मुस्लिम पक्ष इस यथार्थ को स्वीकार करेगा कि गजनवी, गोरी, खिलजी, बाबर, औरंगजेब जैसे आक्रांताओं ने सैकड़ों मंदिरों का ध्वंस ही नहीं किया, बल्कि उनके ही अवशेषों से ही वहां मस्जिदें बनवाईं। ऐसा केवल अयोध्या और धार में ही नहीं किया गया, बल्कि वाराणसी, मथुरा, संभल, जौनपुर समेत न जाने कितने स्थानों पर किया गया।

## जेनेरिक दवाओं का गोरखधंधा

मैंने डॉक्टर की लिखी दवा पैनम डी अपने मेडिकल स्टोर से खरीदी तो वह छपे भाव में मिली और उसे ही जेनेरिक रूप में ऑन लाइन मंगवाई तो 51 % कम में मिली यानि वह जेनेरिक थी । एक ही दवा को लेकर अलग – अलग जेनेरिक दवाइयों की दुकान पर गया। मैंने पाया कि एक ही दवा अलग – अलग दुकान पर अलग – अलग नामों से व भावों से बिक रही है। डायबिटीज में काम आने वाली दवा ' इनवोकाना ' का भाव 690 रुपया था उसके बन्द होने के बाद उसी साल्ट की जेनेरिक दवाई अनेक नामों से आने लगी । उनमें भी भाव 690 के लगभग ही लिखा होता है , अब अलग – अलग विक्रेता उसे 230 से लेकर 350 तक बेचते है । यह लेखक का स्वयं का अनुभव है । यही नहीं 20 रुपये की दवा की कीमत भी 80 रूपया लिखा होता है। यह तो 1 -2 अनुभव लिखे है पर ऐसे कई केस पता करने में पता करने पर पाया कि जेनेरिक दवाओं के प्रिंट रेट यानी इन दवाओं पर छपने वाली कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के जरिये देश के सभी तबकों के नागरिकों के लिए समुचित चिकित्सा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का इरादा केंद्र सरकार पहले ही जता चुकी है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' में जेनेरिक दवाओं के संबंध में कुछ बातें कही थीं। अब उन्होंने एक अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर इस संबंध में कानून लाने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा, 'डॉक्टर उपचार के दौरान इस तरह से पर्चे पर लिखते हैं कि गरीब लोग उनकी लिखावट को नहीं समझ पाते हैं और फिर लोगों को निजी स्टोर से अधिक कीमत पर दवाएं खरीदनी पड़ती हैं।

**– अशोक भाटिया**



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

# इससे युवाओं का भविष्य लीक होता है

> इस तरह की घटनाएं कोई एक दो नहीं बल्कि अनगिनत होती है फिर भी सिस्टम खामोश है। एनटीए प्रमुख बहुत ही भोलेपन से कहते हैं कि पूरे देश में पेपर लीक नहीं हुए हैं बल्कि कुछ स्थानों पर हुए हैं। अरे यह क्यों नहीं कहते कि आपके हाथों से सब कुछ निकलता जा रहा है।



आज सुबह न्यूज़ पेपर पढ़ रहा था तो एक समाचार पढ़कर सन्न रह गया। समाचार था कि नीट की परीक्षा रद्द होने से परेशान लखीमपुर उत्तर प्रदेश के एक छात्र ऋतिक मिश्रा आयु 20 वर्ष ने बुधवार की रात घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

यह घटना कहने या देखने में अकेली लग सकती है लेकिन अगर गहराई में जाए तो पता चलता है कि हम वास्तव में धरातल पर खड़े भी हैं या घुटनों के बल पड़े हैं। मेरे एक मित्र के पुत्र ने जिसने स्वयं नीट की परीक्षा दी थी ने मुझे बताया कि मेरे रूममेट के माता-पिता ने मुझे व्यक्तिगत रूप से फोन करके बताया था कि अपने मित्र का ध्यान रखना क्योंकि पेपर लीक हो जाने की वजह से वह डिप्रेशन में चला गया है । इसके बाद आगे बढ़ा तो पता चला कि नीट यूजी परीक्षा रद्द होने से परेशान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक छात्रा अंशिका पांडे (20 वर्ष) तथा सीकर राजस्थान के एक छात्र प्रदीप मेंघवाल ने भी आत्महत्या कर ली । इसे दूसरे शब्दों में अगर कहा जाए तो यह समस्या नियत की है क्योंकि आपकी नियत में खोट है। कितने दुख की बात है कि हम एक परीक्षा सकुशल संपन्न करने के भी लायक नहीं है और बातें बड़ी-बड़ी करते हैं। विश्व गुरु बनने का दिवा स्वप्न देखते हैं। इसमें हद तब हो जाती है जब सत्ता प्रतिष्ठान के जिम्मेदार लोग कहते हैं कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफा देने से क्या परीक्षा का पेपर लीक नहीं होगा। क्या एनटीए के प्रमुख के इस्तीफा देने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यहां सवाल इस्तीफा देने या लेने का नहीं यहां सवाल यह है कि भ्रष्ट सिस्टम को संरक्षण कौन दे रहा है? देश के नौजवानों की रीढ़ तोड़ने का प्रयास करने वालों को पनाह कौन दे रहा है? क्या सिस्टम की लापरवाही या मिली भगत के कोई पर्चा लीक हो सकता है ह शायद हरगिज नहीं। तो फिर शिकंजा एनटीए के अधिकारियों पर क्यों नहीं कसा जाता है? क्यों नहीं उन्हें जेल भेजा जाता है? मेरा तो स्पष्ट मत है कि पेपर लीक एक व्यवसाय का रूप ले चुका है इसे आप स्टार्टअप भी कह सकते हैं। जिसमें करोड़ों करोड़ का लेनदेन होता है जो तमाम जगहों पर पहुंचाया जाता है । यानी ऊपर से नीचे तक। यही कारण है कि 2024 में नीट की परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद बिना अधिकारियों के कानों पर जू रेंगी और ना ही सरकार द्वारा या शिक्षा मंत्री द्वारा या बताया गया की 2024 में पेपर लीक मामले की जांच में क्या निष्कर्ष निकला । यही कारण रहा कि अब 2026 में पुनः पेपर लीक हो गया अब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी बड़े भोलेपन से कह रहे हैं कि नीट यूजी की रद्द परीक्षा अब 21 जून को आयोजित होगी और इसके लिए छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। इतना ही नहीं अब यह परीक्षा भविष्य में ऑनलाइन होगी ताकि पेपर लीक होने की गुंजाइश ही ना रहे। कहने का मतलब यह है कि अंततः शिक्षा मंत्री को यह स्वीकार करना ही पडा की नीट यूजी 2026 का पेपर लीक हुआ है। कितने हैरत की बात है की एक तरफ तो शिक्षा मंत्री कहते हैं कि हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता छात्रों का भविष्य है तो फिर ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कौन कर रहा है और जो खिलवाड़ कर रहे हैं या पर्चा लीक करा कर करोड़ कमा रहे हैं उनके विरुद्ध क्या हो रहा है? क्या छोटी मछली के पकड़ने मात्र से ही सब कुछ हासिल हो जाएगा? आखिर उन कोचिंग संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई कब होगी जो इस सिंडिकेट को राजस्थान के कोटा से बैठकर चला रहे हैं। वैसे पता चला है कि सीबीआई ने नीट यूजी पर 2026 पेपर लीक मामले में कथित मास्टरमाइंड आरोपी पीवी कुलकर्णी को पुणे से गिरफ्तार किया है जिसके बारे में बताया जाता है कि वह पुणे में केमिस्ट्री का प्राध्यापक होने के साथ ही एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया से भी जुड़ा था। एनटीए के ही एक अधिकारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर इन पंक्तियों के लेखक को बताया कि पेपर कौन बना रहा है कौन-कौन लोग इसमें शामिल है तथा यह छपने के लिए कहां जाएगा। इसकी जानकारी तो एनटीए के ही बास के पास रहती है। तो फिर इसका मतलब यह हुआ कि कही ना कहीं एनटीए का इंवॉल्वमेंट है। वैसे पता यह अभी चला है कि सीबीआई ने एक विशेष अदालत को बताया है कि पेपर लीक मामले में एनटीए और अन्य विभाग के अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है। जानते-चले कि इससे पहले सीबीआई ने पेपर लीक मामले में जयपुर से दिनेश बिवाल उसके भाई मांगीलाल और भतीजे विकास को गिरफ्तार किया जा चुका है। और उसकी सूचना के आधार पर अन्य लोगों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी चल रही है। देखना होगा कि आगे जांच किस मोड़ पर जाकर रुकती है। क्योंकि यह मामला हमारे लिहाज से केवल परीक्षा द्रोह तक ही सीमित नहीं है बल्कि देशद्रोह की श्रेणी में आता है। क्योंकि इसके जरिए देश की मेधा को ही नोटों की ताकत से कमजोर और पंगु बना दिया जाता है। जिस पर न केवल नकेल कसने की जरूरत है बल्कि भविष्य में कोई भी परीक्षा का पेपर लीक न हो ऐसी व्यवस्था करने की भी आवश्यकता है। जानते चले कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बताया था कि अब तक 70 परीक्षा के पेपर लीक हुए हैं यह अपने आप में अच्छी खबर नहीं । इससे युवकों में आक्रोश और असंतोष की भावना बलवती होती है। परिणाम स्वरुप वे दम लगाकर गम मिटाने की कोशिश में लग जाते हैं। उनको लगता है कि सारा सिस्टम भ्रष्ट हो चुका है। सत्ता प्रतिष्ठान भ्रष्टाचार के गाल में समा चुका है। वैसे भी कहा जाता है कि जब देश की प्रतियोगिताओं और परीक्षाओं में दोष आ जाए तो उसे देश की पूरी व्यवस्था में ही गड़बड़ी आ जाती है। इससे देश बर्बादी की तरफ बढ़ने लगता है। जब हेरा फेरी बेईमानी और जालसाजी से डॉक्टर, वकील, शिक्षक, इंजीनियर या अन्य प्रोफेशनल्स तैयार होंगे तो क्या वह अपने देश के प्रति ईमानदार रह पाएंगे? क्या ऐसे लोग देश सेवा और समाज सेवा कर सकेंगे? शायद कदापि नहीं । वैसे भी जब से प्रोफेशनल शिक्षा को कमर्शियल शिक्षा में बदल दिया गया है तब से युवा कुछ समझ भी नहीं पा रहे हैं कि क्या किया जाए।

## इतिहासकारों ने ...

विद्यावाचस्पति उदयराज मिश्र,चिंतक एवं विचारक

# भोजशाला :न्यायिक सत्य की पुनर्प्रतिष्ठा





मध्यप्रदेश के धार नगर में स्थित भोजशाला आजकल वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक चर्चा और विमर्श का केंद्रबिंदु बनी हुई है।मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा गहन सुनवाई और तथ्यों के परीक्षण के उपरांत अब जबकि इसे प्राचीन सरस्वती देवी का मंदिर और गुरुकुल करार दिया गया है।ऐसे में यह तथ्य और भी विचारणीय हैं कि आज नहीं तो कल मथुरा स्थित बांकेबिहारी जी और ज्ञानवापी मंदिर के प्रकरण भी न्यायिक सत्य की पुनर्प्रतिष्ठा से फिर स्वप्न प्राचीन गौरव और स्वरूप को न केवल प्राप्त करेगें अपितु सनातन मूल्यों के संरक्षक के रूप में भी प्रतिष्ठित होंगें।

वास्तव में भोजशाला एक स्थापत्य स्मारक नहीं, अपितु भारतीय ज्ञानपरंपरा, संस्कृत साधना और देवी सरस्वती की आराधना का एक महान ऐतिहासिक केंद्र रही है। यह स्थल परमार वंश के महान सम्राट राजा भोज की सांस्कृतिक दृष्टि, विद्यानुराग और भारतीय सभ्यता के उत्कर्ष का जीवंत प्रमाण माना जाता है। आज भोजशाला पुनः राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है, क्योंकि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने ताज़ा निर्णय में इसे देवी वाग्देवी अर्थात् सरस्वती का मंदिर और संस्कृत अध्ययन केंद्र माना है।

ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार धार नरेश महराज भोज के पिता की



मृत्यु उनके बाल्यकाल में ही हो गई थी।जिसके चलते राज्य संचालन का दायित्व उनके चाचा मुंज के जिम्मे था । मुँज ने एकबार राज्य हड़पने की लालच में सैनिक को जंगल में के जाकर बल्क भोज का वध करके खून से सने उनके वस्त्रों को दिखाने का आदेश दिया था किंतु उस सत्यनिष्ठ सैनिक ने बल्क भोज का वध न करके किसी जंगली पशु को मारकर उसके खून में भोज के वस्त्रों को भिगोकर मुंज के समक्ष पृष्टि किया था।इस अवसर पर उसने भोज द्वारा खून से लिखा एक पत्र भी उन्हें दिया था। जिसमें भोज ने अपने चाचा मुंज को संबोधित करते हुए लिखा था कि - अर्थात मांधाता जैसे महान राजा भी सबसे में यश कीर्ति भोग किंतु अंत में मृत्यु को प्राप्त हुए किंतु यह धरती उनके साथ नहीं गई।इसी तरह समुद्र को बांधकर रावण का वध करने वाले श्रीराम भी धरती से चले गए किंतु धरती अपने साथ नहीं ले गए।भोज ने लिखा किकदचित चाचा जी आप इस धरती को मुझे मारकर अपने साथ ले जाने की इच्छा रखते हैं,जोकि असंभव है अर्थात मरने पर भी संभव नहीं है।कहा जाता है कि पत्र पढ़कर मुंज बेहोश हो गए और होश आने और विलाप करने लगे।तब सैनिक ने उन्हें सच्चाई बताई।जिसके उपरांत उन्होंने राज्य त्याग करके भोज को रजाबना दिया और भोज ने लगभग सत्तावन वर्षों तक निष्कंटक राज्य किया। ग्रंथों में भोज के शासनकाल का वर्णन निम्नवत मिलता है - पंचाशत पंच वर्षाणि सप्त मासम दिन त्रयं।

भोज राज्येन भोक्तव्यं सगौडो दक्षिणापथः।।

इस प्रकार 55 वर्ष 7 मास और 3 दिनों के अपने शासनकाल में ही उन्होंने भोजशाला का निर्माण

11वीं शताब्दी में किया तथा धार नगरी को विद्या, साहित्य और संस्कृति का केंद्र बनाया। इतिहासकारों के अनुसार भोजशाला एक विशाल संस्कृत विद्यापीठ थी, जहाँ वेद, व्याकरण, ज्योतिष, तंत्र, दर्शन और काव्य का अध्ययन कराया जाता था। यहाँ देवी वाग्देवी (सरस्वती) की भव्य प्रतिमा स्थापित थी, जिसकी पूजा विद्या की अधिष्ठात्री देवी के रूप में होती थी।

इस संबंध में कई अभिलेखों, शिलालेखों और स्थापत्य अवशेषों से यह प्रमाणित होता है कि भोजशाला मूलतः हिंदू मंदिर और शिक्षाकेंद्र था। भोजशाला परिसर में पाए गए स्तंभों, कमलों, घंटिकाओं, देवमूर्तियों तथा संस्कृत शिलालेखों में भारतीय मंदिर वास्तु की स्पष्ट छाप दिखाई देती है।

वस्तुतःमध्यकाल में इस्लामी आक्रमणों के दौरान धार पर भी विदेशी हमले हुए। ऐतिहासिक मान्यता के अनुसार दिल्ली सल्तनत और बाद में मुगल प्रभाव के काल में भोजशाला के मूल स्वरूप को क्षति पहुँची। मंदिर के अनेक भागों को तोड़ा गया तथा उसी सामग्री का उपयोग कर परिसर में कमाल मौला मस्जिद का ढाँचा निर्मित किया गया। ASI सर्वेक्षण में भी यह तथ्य सामने आया कि वर्तमान ढाँचे में मंदिर स्थापत्य के पुनः प्रयुक्त अवयव सम्मिलित हैं।

इतिहासकारों ने उल्लेख किया है कि भोजशाला में स्थापित माँ वाग्देवी की अद्भुत प्रतिमा भारतीय शिल्पकला की उत्कृष्ट धरोहर थी। ब्रिटिश शासनकाल में 19वीं शताब्दी में यह प्रतिमा भारत से बाहर ले जाई गई। कहा जाता है कि अंग्रेज अधिकारी इसे अपने साथ ब्रिटेन ले गए, जहाँ वह लंबे समय तक संग्रहालयीय संरक्षण में रही।

## रेवेन्यू सरप्लस...

जयेन्द्र सिंह

# घाटे से गौरव तक

### उत्तर प्रदेश बना रू0 35,000 करोड़ रेवेन्यू सरप्लस का शक्तिशाली आर्थिक इंजन

उत्तर प्रदेश का नाम कभी आर्थिक विषमता, राजकोषीय अव्यवस्था और विकासात्मक असंतुलन के संदर्भ में लिया जाता था, किंतु वर्तमान परिदृश्य में यह वही प्रदेश है जिसने अपने वित्तीय चरित्र को इस प्रकार रूपांतरित किया है कि आज वह रू0 35,000 करोड़ से अधिक के रेवेन्यू सरप्लस के साथ एक सुदृढ़ और आत्मविश्वासी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीतिनिर्माण, कठोर वित्तीय अनुशासन, राजस्व सुदृढ़ीकरण और व्यय की विवेकपूर्ण संरचना का परिणाम है, जिसने उत्तर प्रदेश को "राजकोषीय उत्तरदायित्व" की एक जीवंत मिसाल बना दिया है।

इस व्यापक आर्थिक पुनर्जागरण के केंद्र में प्रदेश के नेतृत्व की निर्णायक भूमिका स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में शासन की कार्यशैली में जो संरचनात्मक परिवर्तन आया, उसने वित्तीय अनुशासन को केवल एक नीति न बनाकर एक प्रशासनिक संस्कृति का रूप प्रदान किया। उनके शासनकाल में "न्यूनतम व्यय, अधिकतम प्रभाव" की अवधारणा को व्यावहारिक धरातल पर उतारा गया, जिससे संसाधनों के उपयोग में दक्षता और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित हुईं। इसी क्रम में राज्य के वित्तीय प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने में वित्त विभाग की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने बजटीय संतुलन, राजस्व वृद्धि और व्यय नियंत्रण के बीच एक सुसंगत सामंजस्य स्थापित किया। रेवेन्यू सरप्लस की अवधारणा अपने आप में राज्य की आर्थिक सेहत का दर्पण होती है। जब किसी राज्य की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक होती हैं, तब वह न केवल अपने नियमित प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन बिना उधारी के कर पाता है, बल्कि पूंजीगत व्यय के लिए अतिरिक्त संसाधन भी सृजित करता है। उत्तर प्रदेश का 35,000 करोड़ से अधिक का रेवेन्यू सरप्लस इस तथ्य का उद्घोष करता है कि राज्य अब उपभोग-प्रधान वित्तीय ढांचे से आगे बढ़कर निवेश-उन्मुख आर्थिक संरचना की ओर अग्रसर हो चुका है। यदि अतीत के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश की इस उपलब्धि का विश्लेषण किया जाए, तो स्पष्ट होता है कि वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश की आर्थिक संरचना अनेक अंतर्विरोधों से ग्रस्त थी। राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा था, कर-संग्रहण तंत्र शिथिल था, और सार्वजनिक व्यय में पारदर्शिता का अभाव था। योजनाओं का क्रियान्वयन अक्सर कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाता था और आर्थिक संसाधनों का रिसाव एक गंभीर चुनौती बना हुआ था। राज्य की अर्थव्यवस्था एक ऐसे चक्र में फंसी हुई थी, जहां आय की सीमितता और व्यय की अनियंत्रित प्रवृत्ति ने वित्तीय संतुलन को अस्थिर कर दिया था। वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार ने जिस आर्थिक पुनर्संरचना का मार्ग अपनाया, उसने इस जड़ता को तोड़ते हुए एक नई वित्तीय संस्कृति का निर्माण हुआ।

## जरा हटके

# पंचायती राज व्यवस्था ने लखनऊ में दर्ज किये ग्रामीण सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता सुदृढ़ आयाम

उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण स्वावलंबन और स्थानीय सुशासन की एक ऐसी आधारशिला बनकर उभरी है जिसने गांवों की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदल दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं ने ग्रामीण जीवन को न केवल आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर किया है। जनपद लखनऊ के धरातल पर हुए बदलावों का आकलन करें तो बीते नौ वर्षों की समय-अवधि ग्रामीण उत्थान के पन्नों में एक नए युगांतरकारी दौर के रूप में दर्ज हुई है जहाँ विकास की प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। आधारभूत संरचना, स्वच्छता, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में हुए इन अभूतपूर्व कार्यों ने प्रगति की एक नई परिभाषा गढ़ी है। विकास की इस अविरल धारा ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित की है जिससे ग्रामीण परिवेश में एक सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन आज पूरी तरह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। ग्रामीण प्रशासन को सुदृढ़ और जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत निर्मित पंचायत भवनों ने एक क्रांतिकारी भूमिका निभाई है। ये भवन अब केवल सरकारी इमारतें मात्र नहीं रह गए हैं बल्कि ग्रामीण सचिवालयों के रूप में विकसित होकर स्थानीय सुशासन का जीवंत केंद्र बन चुके हैं। यहाँ आयोजित होने वाली ग्राम सभाएं, विकास योजनाओं की नियमित बैठकें और महत्वपूर्ण प्रशासनिक गतिविधियां स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम बन रही हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस ये सचिवालय ग्राम स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता को बढ़ावा दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों को अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए अब शहरों की ओर नहीं दौड़ना पड़ता। आधुनिक कार्यप्रणाली से युक्त इन सचिवालयों ने ग्राम स्तर पर सुशासन की संकल्पना को पूरी तरह धरातल पर उतारा है। इसी कड़ी में ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट के माध्यम से पंचायतों का संपूर्ण डिजिटलीकरण किया गया है जिसने प्रशासनिक दक्षता को एक नए स्तर पर पहुँचाने का काम किया है। स्वच्छता के क्षेत्र में जनपद ने जो मील के पत्थर स्थापित किए हैं वे पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन से व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में जो अभूतपूर्व प्रगति हुई है उसने न केवल महिलाओं की गरिमा को सुरक्षित किया है बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य सूचकांकों में भी व्यापक सुधार किया है। इसके साथ ही सैकड़ों सामुदायिक शौचालयों का निर्माण सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है जो विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुए हैं। खुले में शौच से मुक्ति ने लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और बीमारियों में उल्लेखनीय कमी लाई है। ओ.डी.एफ. प्लस की अवधारणा को साकार करते हुए अब गांवों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण पर्यावरण पूरी तरह स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बना रहे।

जनपद के सर्वांगीण विकास में ग्राम पंचायत विकास योजना यानी जीपीडीपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर वातावरण निर्माण और पारिस्थितिकीय विश्लेषण कर स्वयं ग्रामीणों द्वारा अपनी तात्कालिक प्राथमिकताओं का चयन किया जाता है। इसी जनभागीदारी के आधार पर गांवों में सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग, पेयजल और सौर लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं का व्यापक विस्तार कर जीवन स्तर को ऊँचा उठाया जा रहा है। खेल मैदानों के विकास ने जहाँ ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए नई ऊर्जा दी है वहीं सौर ऊर्जा योजनाओं के समावेश से घरों को मुफ्त बिजली की सुविधा प्राप्त हो रही है। नवीकरणीय ऊर्जा के इस बढ़ते उपयोग ने न केवल आम आदमी पर बिजली के बिल का बोझ कम किया है बल्कि बिजली उत्पादन की लागत में कमी लाते हुए प्रदेश सरकार के संकल्पों को भी मजबूती प्रदान की है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध हो रहा है।

# संकल्पजा हिंसा

हिंसा का एक प्रकार संकल्पजा हिंसा हैं । आदमी अपने आक्रोश लोभ, राग, द्वेष, आवेश, लोभ आदि कारणों से हिंसा करता हैं । वह कोई आवश्यक हिंसा नहीं हैं । हमारे द्वारा अपने रागद्वेषात्मक आवेश के संकल्प से जो हिंसा की जाती हैं वह संकल्पजा हिंसा होती हैं । जैसे किसी को ग़ुस्सा आया और उसने किसी पर हाथ उठा लिया । वह कभी - कभी तो गलत तक कर देते हैं । वह संकल्पजा हिंसा होती हैं । इस प्रकार की जो हिंसा होती हैं वह अनीतिपूर्ण होती हैं । वह सभी के लिए त्याज्य होती हैं । साधु अहिंसा यात्रा करते हैं, अहिंसा की बात करते हैं, अहिंसा की प्रेरणा व उपदेश भी देतें हैं । अहिंसा से सुख व हिंसा से दुख पैदा होता है । अहिंसा के साथ अभय का जोड़ा होता है । वह हम न डरें व न डराएं । हम डरें तो पाप से डरें । हमको स्वयं से न डरना और दूसरों से भी न डराना – अभय की पूर्णता है । अतः हमारे जीवन में सदा निर्भीकता रहे । शक्तिशाली होने पर भी क्षमा कर देना वीरता का प्रतीक है । भगवान् महावीर का 18 वें भव में त्रीकृष्ट वासुदेव का भव चल रहा था । उस समय शेर की समस्या के हल के लिए सब राजा बारी बारी से उसे हल करने के लिए आते । वह इसी क्रम में जब पौतनपुर की बारी आई तो त्रीकृष्ट वासुदेव और दूसरे भाई दोनों राजकुमारों ने अपने पिता से कहा आप आराम से बीराजों हम दोनों भाई शेर का मुकाबला करने के लिए जाएंगे । दोनों भाइयों ने शेर की गुफा का पता लगाया व बाहर से ही दहाड़ लगाई । शेर जब बाहर आया तो वह पैदल ही था व उसके हाथ में कोई हथियार भी नहीँ थे । राजकुमार भी रथ से नीचे उतरे व शस्त्र भी रथ में रख दिए । वह जब शेर आगे आया तो त्रीकृष्ट वासुदेव ने हाथ से उसके दोनों जबड़ों को चीर डाला । एक ओर शेर की हिंसा व दूसरी ओर किसानों की सुरक्षा थी । त्रीकृष्ट का लक्ष्य शेर को मारना नहीं था बल्कि किसानों की सुरक्षा था, अतः इसे हम संकल्पजा हिंसा नहीँ मानते हैं । हम सदा संकल्पजा हिंसा से बचें । हम व्यवसाय भी ऐसा न करें जिसमें ज्यादा हिंसा हो । होटल भी वेज हो व शराब से मुक्त हो । शेर का पैदल व बिना हथियार के मूकाबला करना एक हिम्मत का काम है । सत्ता का उपयोग सेवा में हो व रिश्तों की कड़वाहट भी खत्म हो जाय । पौतनपुर में भगवान् श्रेयांश का पधारना हुआ व उनके संपर्क से त्रीकृष्ट को भी क्षायक सम्यकत्व आ गई, ऐसी सम्यकत्व जो एक बार आने के बाद कभी वापिस नही जाती । हमें भी ऐसी सम्यत्व प्राप्त करनी है । भगवान् द्वारा प्रवेदित वाणी ही सत्य है ।

**› प्रदीप छाजेड़**

# सभी मरने वाले एक ही परिवार से, बिहार से दिल्ली जा रहे थे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा, 5 की हुई मौत

**घटना**


**तमसा संकेत, एजेंसी**

आजमगढ़। आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर खड़े ट्रेलर में जा घुसी। कार की स्पीड करीब 135 किमी प्रति घंटा थी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सभी शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। मृतकों की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। हादसा दोपहर करीब 3 बजे कंधरापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन



स्विफ्ट डिजायर कार पीछे से खड़े ट्रेलर में जा घुसी। कार हरियाणा नंबर की है।

238 के पास हुआ। हादसे में सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार का अगला हिस्सा और छत बुरी तरह पिचक गई। अंदर की दोनों सीटें और पूरा केबिन भी पूरी तरह तबाह हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का ढांचा पूरी तरह टूट गया। जिस ट्रेलर से कार टकराई, उस पर राजस्थान नंबर दर्ज है। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटाने के लिए बड़ी क्रेन मंगानी पड़ी। एसपी ट्रैफिक पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डायल-112 पर सूचना मिली थी कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 238 माइलस्टोन पर खड़े ट्रेलर में स्विफ्ट डिजायर कार घुस गई है। सूचना मिलते ही थाना कंधरापुर थाना पुलिस, सीओ सिटी, फायर टीम, एम्बुलेंस और वह खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सभी मृतकों को तत्काल एम्बुलेंस से मोर्चरी भिजवाया गया। मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।


गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर के बाद सभी शव कार के अंदर ही फंसे मिले।

## मरने वालों में 2 बच्चियां और एक महिला

मरने वालों में 2 पुरुष, एक महिला और 2 बच्चियां शामिल हैं। पुलिस को मौके से मनीष श्रीवास्तव नाम की एक आईडी मिली है। इसमें एक पता हरियाणा के फरीदाबाद का, जबकि दूसरा बिहार के सिवान जिले का है। पुलिस जब फरीदाबाद वाले पते पर पहुंची, तो घर पर ताला मिला। वहीं, मृतकों की पहचान के लिए आजमगढ़ पुलिस सिवान पुलिस से संपर्क कर रही है। हादसा इतना भीषण था कि पूरी घटना के बारे में बताने वाला कोई भी जीवित नहीं बचा।

## प्रतीक की अस्थियां विसर्जित, अपर्णा फूट-फूटकर रोईं

लखनऊ/देहरादून/हरिद्वार। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव की अस्थियां शनिवार को हरिद्वार में गंगा में विसर्जित की गईं। शिवपाल यादव के सांसद बेटे आदित्य ने अस्थियों को गंगा में प्रवाहित किया। इस दौरान पत्नी अपर्णा फूट-फूटकर रोईं। परिवार के लोगों ने उन्हें संभाला। छोटी बेटी पद्मजा ने अस्थियों को माथे से लगाया, फिर वह भी फूट-फूटकर रोने लगी। पद्मजा ने 'I LOVE PAPA' लिखा कार्ड गंगा में प्रवाहित किया। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। इससे पहले, योग गुरु बाबा रामदेव की मौजूदगी में घाट पर पुरोहितों ने विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान कराया। इस दौरान अपर्णा यादव दोनों बेटियों प्रथमा और पद्मजा के साथ हाथ जोड़कर बैठीं। अपर्णा चार्टर्ड प्लेन से लखनऊ से हरिद्वार पहुंचीं। साथ में तेज यादव, अक्षय यादव, अपर्णा के पिता अरविंद बिष्ट और भाई अमन भी थे।

# छात्र के माथे से टीका मिटवाने पर हंगामा

## मदर टेरेसा स्कूल में एबीवीपी ने की नारेबाजी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में मदर टेरेसा स्कूल में छठी के छात्र के माथे से शिक्षिका ने टीका मिटवा दिया। इसकी सूचना मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के कार्यकर्ता ने स्कूल में हंगामा कर दिया। जमकर नारेबाजी करते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट ने शिक्षिका हिबा फातिमा को नौकरी से हटा दिया। तब जाकर गुस्साए कार्यकर्ता शांत हुए। इसके साथ ही छात्र के परिजन भी शिक्षिका के हटाए जाने पर संतुष्ट हो गए। मुकदमा दर्ज करवाने की बात से पीछे हट गए। किदवई नगर के-ब्लॉक में मदर टेरेसा हायर सेकेंड्री स्कूल है। दामोदर नगर के रहने वाले दिलीप मिश्रा का बेटा दक्षेश स्कूल में छठी का छात्र है। दिलीप ने बीते गुरुवार को स्कूल मैनेजमेंट और



नौबस्ता थाने में शिकायत की थी। उनका आरोप था कि बेटा गुरुवार सुबह पूजा-पाठ करने के बाद माथे पर टीका लगाकर स्कूल जाता था। टीके को लेकर स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका हिबा फातिमा विरोध करती थी। इसके बाद भी छात्र ने टीका लगाकर जाना बंद नहीं किया तो गुरुवार को टीका साफ कराने के साथ ही छात्र को कई थप्पड़ भी जड़ दिए। पिता स्कूल पहुंचे तो छात्र फफक कर रोने लगा। उसने पिता को पूरे मामले की जानकारी दी।

**फास्ट न्यूज**

### एडीसीपी के पेशकार पर बाइक चोरी करने का आरोप

वाराणसी। वाराणसी में साल पहले चोरी हुई बाइक आजमगढ़ की सड़कों पर दौड़ रही है। चोरी की बाइक को वाराणसी कमिश्नरेट के एडीसीपी वरुणा के पेशकार का रिश्तेदार चलाता मिला। एडीसीपी वरुणा के पेशकार ने बाइक को आजमगढ़ में अपने भाई को दिला दिया। भाई की बाइक समझकर युवक खुलेआम फर्राटा भरता रहा, पिछले दिनों जब उसका चालान कटा तो असली मालिक को मैसेज गया।

### स्पन माइक्रो कंपनी के बाहर श्रमिकों का हंगामा

कानपुर। कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत किसाननगर रोड स्थित बिनौर के पास बनी स्पन माइक्रो कंपनी में कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। बड़ी संख्या में श्रमिकों ने काम बंद कर कंपनी गेट के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि वर्षों से काम करने के बावजूद न तो वेतन बढ़ाया गया और न ही जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच मौजूदा वेतन में परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

### वाराणसी के दीनदयाल अस्पताल में शोपीस बने एसी

वाराणसी। भीषण गर्मी से हर कोई त्रस्त है। इस भीषण गर्मी में पंडित दीनदयाल अस्पताल में भर्ती मरीज गर्मी में हांफते दिख रहे हैं। कुछ गिने चुने वार्डों की बात छोड़ दी जाए तो अधिकांश वार्डों में लगी AC महज शोपीस है। इतना ही नहीं इस अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में जिसके लिए मरीज रुपये देकर भर्ती हैं, वहां भी स्थिति यही है। यहां करीब 10 प्राइवेट वार्ड हैं।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## कानपुर डीएम को ज्ञापन सौंपा, बोले- मामले की जांच कर कार्रवाई हो

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर महानगर कांग्रेस ने शनिवार को NEET परीक्षा पेपर लीक और लखीमपुर खीरी के छात्र ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुआई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी भी की। उन्होंने मांग की NEET पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही आत्महत्या करने वाले छात्र ऋतिक मिश्रा के परिवार को आर्थिक सहायता और न्याय देने की मांग उठाई गई। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि लगातार




हो रहे पेपर लीक से देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। मेहनत करने वाले छात्र खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी के छात्र ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि भ्रष्ट और विफल शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है।उन्होंने कहा, अब नहीं देनी प्रतियोगी परीक्षा' जैसे शब्द किसी छात्र के नहीं, बल्कि टूट चुके विश्वास की आवाज हैं। कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है और उनकी आवाज सड़क से सदन तक उठाने का काम करेगी। कांग्रेस नेताओं ने परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की मांग की। साथ ही छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष काउंसलिंग व्यवस्था लागू करने की भी बात कही। नेताओं ने कहा यदि शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी तो युवाओं का भविष्य लगातार बर्बाद होता रहेगा। इस दौरान महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, अवनीश सलूजा, बृजेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह चौहान, पदम मोहन मिश्रा, राकेश साहू, राजेश गौतम, रितेश यादव, स्नेह लता सिंह, सैमुअल लकी सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मां जिंदा जल गई, 4 बच्चों को बचा लिया

## प्रयागराज में मासूम को चादर में लपेटकर उछाला, 2 बेटियों-भतीजे को दूसरी छत पर भेजा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज में बच्चों को बचाने की कोशिश में एक मां की जान चली गई। भीषण आग और धुएं के बीच वह करीब 30 मिनट तक अपने तीन बच्चों और एक भतीजे को बचाने के लिए संघर्ष करती रही। तेजी से फैल रही आग के बीच उसने एक साल के मासूम को चादर में लपेटकर छत से पड़ोसियों की ओर बढ़ाया। पड़ोसियों ने किसी तरह हाथ बढ़ाकर बच्चे को सुरक्षित बचा लिया। इसके बाद उसने अपनी छत से गली के उस पार पड़ोसी की छत तक सीढ़ी लगाकर दो बेटियों और भतीजे को भी सुरक्षित बाहर निकाल दिया। हालांकि, इस दौरान वह खुद आग और धुएं के बीच फंस गई। धुएं के कारण उसका दम घुटने लगा और देखते ही देखते वह आग की चपेट में आकर जिंदा जल गई। 12 मई को प्रयागराज में एक क्रॉकरी कारोबारी के घर में लगी भीषण आग के दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ




अर्चना, मृतक

था। शनिवार को बच्चों को बचाते हुए जिंदा जली मां की बहादुरी का वीडियो सामने आया। नैनी बाजार के चैंपियन गली में स्थित एक मकान में तीन भाइयों का परिवार रहता है। परिवार का 'संजीवनी क्रॉकरी' नाम से दुकान है। दुकान के सामानों को रखने के लिए घर के फर्स्ट फ्लोर पर ही गोदाम है। 12 मई की रात करीब 9 बजे शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। लोग कुछ समझ पाते इसके पहले आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। चूंकि, घर की महिलाएं और बच्चे ऊपरी फ्लोर पर थे इसलिए वे फंस गए। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन गली सकरी होने की वजह से रेस्क्यू में देरी हो गई। नीचे से निकलने का कोई रास्ता नहीं होने पर सभी भागकर छत पर चढ़ गए।

- क्राकरी कारोबारी की पत्नी ने अपने एक साल के बच्चे को बालकनी से चादर के सहारे लटकाया।
- महिला ने अपने भतीजे लव को भी किसी तरह सीढ़ी से दूसरी ओर भेजा। हालांकि, खुद वह आग में फंस गई।
- अर्चना की भाभी सरिता आग बढ़ने पर मकान की पहली मंजिल से कूद गईं। इस दौरान उनका पैर टूट गया।

### बच्चों को बचाने में मां ने गंवाई जान

संजीव केसरवानी की भाभी सरिता तो किसी तरह पहली मंजिल से कूद गईं लेकिन उनकी पत्नी अर्चना, तीनों बच्चे और एक भतीजा फंस गए।

धुआं बढ़ता जा रहा था। आग की तपिश और लपटें छत तक आना शुरू हो गई थीं। अर्चना ने हार नहीं मानी।

उसके घर के सामने गली उस पार पड़ोसी का मकान था। छत पर पड़ोसी परिवार मदद के लिए पहुंचा था लेकिन किसी को कुछ सूझ नहीं रहा था।

अर्चना ने सबसे पहले अपने एक साल बच्चे को चादर में लपेटा और बच्चे को उनकी ओर उछाला।

# टोंस-नदी में चार युवक डूबे, तीन की हुई मौत

## पार्टी करने गए थे, नहाते समय हुआ हादसा, मछुआरों ने निकाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज में शनिवार को टोंस नदी में स्नान करते समय चार युवक डूब गए। आस-पास मौजूद स्थानीय मछुआरों ने तुरंत नदी में कूदकर बचाव कार्य शुरू किया। इस घटना में तीन युवक की मौत हो गई, जबकि एक को सुरक्षित बचा लिया गया। युवकों के डूबने की खबर स्थानीय मछुआरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना मेजारोड पुलिस चौकी अंतर्गत बलुआ गांव स्थित घाट पर हुई। नैनी एडीए निवासी सनी (12), आयुष (8) और आदित्य (25) और पीयूष टोंस नदीं के बलुआ गांव स्थित घाट पर पार्टी करने गए थे। चारों आपस में दोस्त है। वहां पर नदी में नहाने के लिए चारों युवक उतरे थे। नहाते समय



गहरे पानी में चारों डूबने लगे, जिससे घाट पर अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। शोर सुनकर आसपास के स्थानीय मछुआरे और ग्रामीण तुरंत नदी में कूद पड़े। बचाव कार्य शुरू किया। काफी प्रयास के बाद एक युवक पीयूष को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मेजा दीनदयाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और आवश्यक कार्रवाई में जुट गए। घटना के बाद घाट पर भारी भीड़ जुट गई

## बाइक से कार्यालय पहुंचे पार्षद और कर्मचारी, ए-स्कूटी से पहुंचे नगर आयुक्त


# नगर निगम के 'नो फ्यूल डे' का नहीं दिखा असर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। वाराणसी नगर निगम में शनिवार को प्रधानमंत्री के आह्वान पर महापौर ने नो फ्यूल डे घोषित किया था। लेकिन शनिवार की सुबह से ही नगर निगम कार्यालय पहुंचने वाले कर्मचारी बाइक से आते दिखाई दिए। सभी अपनी गाड़ियां रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर की पार्किंग में खड़ा कर हाथ में हेलमेट लिए आराम से निगम कार्यालय में जाते दिखाई दिए। इस दौरान बस खानापूर्ति के लिए निगम गेट पर लोहे की चेन लगाईं गई थी ताकि कोई बाइक लेकर अंदर न प्रवेश कर सके। इसके बावजूद कुछ पार्षद और सत्ताधारी पार्टी के लोग बाइक और



स्कूटी से अंदर भी गए। वहीं दोपहर 12 बजे के बाद नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ई-स्कूटी से नगर निगम कार्यालय पहुंचे। एक कर्मचारी ने बिना कैमरे पर आये बताया- कहना आसान है करना नहीं। हमारा घर 18 किलोमीटर दूर है। हम कैसे बिना बाइक के यहां आएंगे। कहीं जाना होगा तो कैसे जाएंगे। हमारे पास इलेक्ट्रिक व्हीकल नहीं है। तो ऐसे में हमें आने के लिए बाइक का इस्तेमाल करना ही होगा। ऐसे में हम बाइक से आए हैं। इसी दौरान एक स्कूटी जिसे एक पुरुष चला रहे थे और महिला बैठी थी। नगर निगम गेट पर पहुंची और गाड्र्स से बहस के बाद अंदर पार्क की गई। इस स्कूटी पर भाजपा महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी का स्टिकर लगा था। जब यह स्कूटी जाने लगी तो इसमें लगा हूटर भी बजाया गया। लेकिन पत्रकारों को देखकर तुरंत इसका मोड बदल दिया गया।



### नहीं दिखा नो फ्यूल डे का असर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महापौर अशोक तिवारी ने बुधवार को निगम में एक सर्कुलर जारी कर हर शनिवार को नो फ्यूल डे घोषित किया था और सभी को बिना वाहन के कार्यालय आने को कहा था। गुरुवार को स्वयं महापौर पैदल कार्यालय पहुंचे भी थे लेकिन शनिवार को सुबह से ही इस नो फ्यूल डे की नगर निगम के कर्मी धज्जियां उड़ाते दिखे। ज्यादातर कर्मचारी बाइक से कार्यालय पहुंचे और निगम के बगल में स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर की पार्किंग में पार्क कर कार्यालय में पहुंचे।

**आत्महत्या :** कानपुर में पिता ने कहा- स्कूल टीचर ट्यूशन पढ़ने का दबाव बनाते थे, फटी हुई पर्ची मिली

# बर्थडे पर हेडकांस्टेबल के बेटे ने सुसाइड किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में टीचरों के टॉर्चर से परेशान हेड कांस्टेबल के 14 साल बेटे आयुष प्रताप सिंह ने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। आज ही के दिन आयुष का बर्थडे था। सुसाइड करने से पहले छात्र ने पर्ची में एक नोट लिखा, लेकिन बाद में उसे फाड़ दिया। बेटे की मौत से हेड कांस्टेबल बदहवास हो गए, उन्होंने बिलखते हुए कहा कि बेटे ने मुझसे बर्थडे में गिटार मंगाया था, लेकिन वह मुझे बर्थडे के दिन अपनी जान दे देगा, इसका मुझे एहसास नहीं था। वहीं जन्मदिन के दिन बेटे की मौत से मां मीना बेसुध हो गईं। उन्होंने कहा कि कोई तकलीफ थी तो मुझसे कहता, ऐसा कदम क्यों उठा लिया मेरे लाल मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर


यह आयुष प्रताप सिंह की तस्वीर है। इसने आज अपने बर्थडे वाले दिन सुसाइड कर लिया।

नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बड़े भाई दरवाजा तोड़ देखा शव

राकेश ने बताया कि आयुष का 16 मई को बर्थडे है। बेटे ने कहा था कि पापा मैं घर पर रहकर पढ़ाई करूंगा, शादी में नहीं जाऊंगा। मुझे बर्थडे के लिए गिटार गिफ्ट में देना। जिसपर उन्होंने हामी भर दी थी। बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे बड़े बेटे अभय ने फोन कर बताया कि आयुष ने कमरा बंद कर लिया है। वह दरवाजा नहीं खोल रहा है। इस पर उन्होंने अभय से दरवाजा तोड़ने की बात कही। अभय दरवाजा तोड़ कमरे के अंदर दाखिल हुआ, जहां अभय का शव फंदे पर लटकता मिला। जानकारी पर बर्रा पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पहुंची और जांच की। पिता ने बताया कि आयुष के कमरे से एक फटी हुई पर्ची मिली, जिसमें कुछ लिखा हुआ था। पिता ने आरोप लगाया कि स्कूल में आए दिन के टॉर्चर की वजह से बेटे ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।



**पिता ने बताया कि बेटा मुझसे कहता था कि पापा इस स्कूल में मुझे नहीं पढ़ना है। यहां अच्छे से पढ़ाई नहीं होती है। साथ ही स्कूल के टीचर, अलग से ट्यूशन क्लासेज ज्वाइन करने का दबाव बनाते हैं। कहते हैं कि अगर ट्यूशन नहीं पढ़ा तो फेल कर देंगे। उन्होंने शिक्षा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्कूल टीचर बच्चों पर ट्यूशन पढ़ने का दबाव बनाते हैं। माता-पिता अपनी गाढ़ी कमाई से बच्चों को पढ़ाते हैं।**

### केशव नगर स्थित मदर टेरेसा का छात्र था

मूलरूप से कौशांबी के मानीपुर, दादा नगर निवासी हेड कांस्टेबल राकेश कुमार पत्नी मीना व तीन बच्चे अभय प्रताप, आयुष व बेटी आर्या के साथ बर्रा–2 में रहते थे। राकेश वर्तमान तौर पर लखनऊ के महानगर कोतवाली में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि केशव नगर स्थित मदर टेरेसा स्थित स्कूल में अभय 12वीं, आयुष 9वीं व आर्या 7वीं की छात्रा है।


# हॉस्पिटल में नर्सों ने मंडप सजाया, दूल्हे ने मांग भरी

## कानपुर में मेहंदी रस्म के समय आग से दुल्हन झुलसी थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

घाटमपुर, कानपुर। कानपुर में शादी की तैयारियों के बीच घर में लगी आग में दुल्हन झुलस गई। इसके बाद अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ और दोनों पक्षों ने मिलकर मंडप तैयार किया। शुक्रवार रात दूल्हे ने दुल्हन की मांग भरी। दूल्हे ने कहा- परिस्थितियां कैसी भी हों, हर पल साथ निभाएंगे। दूल्हा सफेद शर्ट और काली पैंट में अस्पताल पहुंचा। दोनों परिवार के सदस्यों ने अस्पताल प्रशासन से शादी की अनुमति ली। सहमति मिलने के बाद बर्न वार्ड को मंडप के रूप में फूलों से सजाया गया। फिर दूल्हे ने बेड पर लेटी दुल्हन के साथ शादी की रस्में पूरी की। उसकी मांग में सिंदूर भरकर उसे

- जाजमऊ स्थित मिशिका अस्पताल में आग में झुलसी दुल्हन गरिमा और विकास ने शादी की।
- दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाकर केक काटा। दूल्हा बोला- हर परिस्थिति में साथ निभाएंगे।



अपनी पत्नी के तौर पर स्वीकार किया। दरअसल, 13 मई को मेहंदी का कार्यक्रम तय था। तैयारियों के बीच गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण आग लग गई। दुल्हन, उसके पिता और फोटोग्राफर समेत कुल 12 लोग बुरी तरह झुलस गए। सभी घायलों को तुरंत चार एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है। मामला घाटमपुर के जगन्नाथपुर गांव का है। जगन्नाथपुर गांव निवासी गरिमा सिंह उर्फ श्वेता (23 ) पुत्री जगदीश सिंह की शादी कानपुर के तात्या टोपे के रहने वाले विकास सिंह (27) के साथ गुरुवार के लिए तय थी।

हिन्दी दैनिक
तमसा संकेत
www.tamsasanket.com
tamsasanketnews24@gmail.com



## बिजनौर में ग्रामीण थाने के सामने हाइवे जाम किया, 4 दोस्तों पर केस दर्ज

# बर्थडे पार्टी से लौटे युवक की गोली मारकर हत्या

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

चाँदपुर। बिजनौर में जन्मदिन पार्टी के बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक नोएड़ा से दो दिन पहले आया था। 14 मई को दोस्ते के बर्थ-डे पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे चार दोस्तों ने हमला कर दिया। जिसके बाद मौके पर गोली मारकर हत्या कर दिया। हत्या के बाद सभी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 15 मई को पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीण धरने पर बैठ गए।


लोकेश, मृतक

बिजनौर-अमरोहा हाईवे जाम कर दिया। जिसको लेकर 2 CO 4 थानों की पुलिस के साथ परिजन को समझाने की कोशिश में लगे हैं। घटना जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर हुई, जबकि मृतक का गांव घटनास्थल से लगभग 25 किलोमीटर दूरी पर बताया गया है। जन्मदिन पार्टी स्थल से घटनास्थल की दूरी भी करीब 800 मीटर थी।

**मृतक के छोटे भाई मयंक ने बताया कि पुरानी रंजिश उज्ज्वल गौड़ और प्रियांशु चौहान के बीच थी। उसने कहा- "भाई लोकेश का किसी से कोई विवाद नहीं था। हम लोग बर्थ-डे पार्टी से लौट रहे थे।**


घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक के भाई अंकुल चौहान ने थाने पर पहुंचकर तहरीर दी।

### आरोपियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाइ

मृतक के भाई अंकुल चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लोकेश 14 मई की रात शिवाला कलां में विशाल पाल की बर्थ-डे पार्टी में शामिल होने गया था। पार्टी में मौजूद सिन्टू उर्फ सचिन रात करीब 10 बजे वहां से चला गया। आरोप है कि बाद में उसने फोन कर लोकेश को अपने घर बुलाया। जब लोकेश अपने दोस्तों विशाल पाल, लक्की और उज्ज्वल गौड़ के साथ बाइक से वहां पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने हमला कर दिया।

### पुराने विवाद को लेकर बढ़ा था तनाव

एक अन्य चश्मदीद युवक ने बताया कि आरोपी सिंटू ने खुद घर छोड़ने के लिए कहा था। जब वे उसे छोड़ने पहुंचे तो वहां पहले बातचीत हुई और फिर अचानक गोली चला दी गई। जिसके बाद जिसके बाद खून से लथपथ हो गया। जिसके बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट ने जांच–पड़ताल की।

# मेयर उमेश गौतम ने सरकारी गाड़ी छोड़ अपनाई ईवी कार

## मोदी-योगी की अपील पर ईंधन बचत के लिए लिया बड़ा फैसला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली। बरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील का एक बड़ा असर देखने को मिला है। नगर निगम परिसर में आज एक अनोखी पहल की शुरुआत हुई, जहां मेयर डॉ उमेश गौतम ने पर्यावरण संरक्षण और ईंधन की बचत के लिए अपनी सरकारी गाड़ियों का त्याग कर दिया है। वैश्विक स्तर पर पेट्रोल और डीजल के बढ़ते संकट को देखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। इस बदलाव के लिए मेयर ने नगर निगम से मिली सरकारी डीजल गाड़ियों को सरेंडर कर दिया है। उन्होंने अपने और सुरक्षा के काफिले के लिए कुल 3 नई इलेक्ट्रिक कारें खरीदी हैं। उनका कहना है कि जब तक



सरकारी गाड़ियां भी इलेक्ट्रिक में नहीं बदल जातीं, तब तक वे और उनकी सुरक्षा टीम अपनी निजी इलेक्ट्रिक कारों से ही चलेंगे। आमतौर पर नेता और रसूखदार लोग मीडिया में बने रहने या फोटो खिंचाने के लिए कभी-कभार ई-रिक्शा का सहारा लेते हैं, लेकिन डॉ उमेश गौतम ने इसे अव्यावहारिक बताया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें लगातार हर जगह जाना पड़ता है, जिसके लिए सुरक्षा बेहद जरूरी है। बिना सुरक्षा और ई-रिक्शा के जरिए लंबे समय तक फील्ड में काम करना मुमकिन नहीं है, इसलिए उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 3 मजबूत ईवी कारों का विकल्प चुना। मेयर ने बरेली की जनता को एक खास संदेश देते हुए कहा कि आज देश की जरूरत के हिसाब से काम करने और अपनी देशभक्ति दिखाने का समय है। उन्होंने जनता से अपील की कि जिन घरों में तीन या चार गाड़ियां हैं, वे लोग मिलकर चलें यानी कार पूलिंग करें। डॉ उमेश गौतम ने सभी से आग्रह किया कि जितना संभव हो सके पेट्रोल और डीजल का इस्तेमाल कम करें और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाएं।

**फास्ट न्यूज**

### महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत

बरेली। बरेली सहित पूरे देश में शनिवार को वट सावित्री का महापर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, अच्छी सेहत और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। बरेली के मढ़ीनाथ स्थित संतोषी माता मंदिर, गुलाबनगर के गौरी शंकर मंदिर, त्रिवटी नाथ मंदिर, वनखंडी नाथ मंदिर, अलखनाथ मंदिर और तपेश्वरनाथ मंदिर परिसर में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

### संजय प्लेस में अतिक्रमण हटाने गई निगम टीम का विरोध

आगरा। आगरा नगर निगम की अतिक्रमण टीम शनिवार को संजय प्लेस में कार्रवाई करने पहुंची तो बवाल हो गया। फुटपाथ से ठेल-ढकेल हटाने और ADA अलॉट दुकानों के बाहर लगे तिरपाल उतरवाने पर दुकानदार भड़क गए। निगम अफसरों और दुकानदारों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नगर निगम ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार को संजय प्लेस समेत कई इलाकों में अभियान चलाया। टीम संजय प्लेस पहुंची और फुटपाथ पर लगी ठेल-ढकेल को हटाने लगी। ADA से अलॉट दुकानों के बाहर छाया के लिए लगे तिरपाल भी उतरवाने को कहा। इसी बात पर दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया।

### सहायक निदेशक सूचना साइकिल से कलक्ट्रेट पहुंचे

कोल। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार शनिवार को साइकिल से कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने प्रदेश सरकार के ईंधन संरक्षण और पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत लोगों को ईंधन बचाने और पर्यावरण सुरक्षित रखने का संदेश दिया। यह पहल जनआंदोलन बनाने की दिशा में प्रशासनिक अधिकारियों के प्रयासों का हिस्सा है। पर्यावरण सुरक्षा और स्वच्छ जीवनशैली के संदेश को हर नागरिक तक पहुंचाना आवश्यक है।

## पड़ोसी ने छत से घर में घुसकर किया हमला, महिला से शादी का बना रहा था दबाव

# सोते परिवार पर तेजाब फेंका

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली। बरेली के शेरगढ़ कस्बे में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर सो रहे पूरे परिवार पर तेजाब फेंक दिया। घटना में पति-पत्नी समेत दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना मोहल्ला डूंगरपुर की है। पीड़ित हर प्रसाद अपनी पत्नी लक्ष्मी और दो बेटों 2 वर्षीय अभिषेक और 4 वर्षीय आनंद के साथ घर में सो रहे थे। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला उमेश कश्यप देर रात करीब 4 बजे छत के रास्ते घर में घुस आया और मच्छरदानी में सो रहे पूरे परिवार पर तेजाब डाल दिया। तेजाब पड़ते ही परिवार चीखने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत



गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज किए। सत्य सिंह ने बताया कि आरोपी उमेश कश्यप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

*परिजनों का कहना है कि बच्चों के शरीर पर सिर्फ एक ट्यूब लगाकर छोड़ दिया गया और वे सुबह से अस्पताल के बाहर बेंच पर बैठे रहे। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण परिवार निजी अस्पताल में इलाज कराने में भी असमर्थ है।*

### महिला पर शादी का बना रहा था दबाव

पीड़िता लक्ष्मी ने बताया कि आरोपी उमेश कश्यप उनका पड़ोसी है। वह पहले से शादीशुदा है और उसके पांच बच्चे भी हैं। इसके बावजूद वह लक्ष्मी पर जबरदस्ती शादी करने का दबाव बना रहा था। लक्ष्मी के मुताबिक, जब उन्होंने उसकी मांग ठुकरा दी, तो आरोपी रंजिश मानने लगा। आरोप है कि इसी वजह से उसने पूरे परिवार पर तेजाब डालकर हमला किया। लक्ष्मी ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मासूम बच्चे भी बुरी तरह झुलसे

तेजाब हमले में हर प्रसाद और दोनों मासूम बच्चों के शरीर पर गंभीर जलन हुई है। परिवार का कहना है कि बच्चे दर्द से तड़पते रहे, लेकिन उन्हें समय पर समुचित इलाज नहीं मिला। घटना के बाद जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे हैं। तो आरोपी रंजिश मानने लगा। आरोप है कि इसी वजह से उसने पूरे परिवार पर तेजाब डालकर हमला किया। लक्ष्मी ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि सुबह 6 बजे से अस्पताल पहुंचने के बावजूद डॉक्टरों ने सिर्फ हर प्रसाद को भर्ती किया, जबकि महिला और दोनों बच्चों को उचित इलाज नहीं दिया गया।

# जमीन कब्जा दिलाने पहुंची टीम से धक्का-मुक्की

## पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए बल प्रयोग किया, पक्षपात का लगा आरोप

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर। सहारनपुर के गंगोह क्षेत्र के बानुखेड़ी गांव में विवादित जमीन पर कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर तनाव इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और पथराव की स्थिति बन गई। घटना में एक पुलिसकर्मी सहित कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव में करीब 45 बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। अनुसूचित समाज के लोगों का कहना है कि वर्ष 1987 में यह जमीन उन्हें पट्टे के रूप में आवंटित की गई थी, जबकि दूसरे पक्ष के लोग भी जमीन पर अपना दावा जता रहे हैं। इसी विवाद के चलते प्रशासनिक स्तर पर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई की जा रही थी। शुक्रवार को राजस्व


टीम के साथ झड़प करते हुए ग्रामीण।

विभाग की टीम पुलिस बल के साथ गांव पहुंची और खेत की जुताई शुरू कराई। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि विरोध कर रहे लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए बल प्रयोग किया और लोगों को खदेड़ा। पथराव में सिपाही रविश कुमार घायल हो गया। वहीं ग्रामीण पक्ष से महिला समेत चार लोगों के चोटिल होने की सूचना है।

# गर्मी से बच्चे बीमार, 15-20 रोज भर्ती

## जिला अस्पताल में डायरिया और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़े

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कोल। अलीगढ़ में भीषण गर्मी के कारण बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 15 से 20 बच्चों को उल्टी, दस्त, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी बीमारियों के चलते भर्ती करना पड़ रहा है। शनिवार, 16 मई 2026 को अलीगढ़ का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज गर्मी और उमस के चलते बच्चों में इन बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मलखान सिंह जिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव जैन ने बताया कि इन दिनों बच्चों में डायरिया, उल्टी और डिहाइड्रेशन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की कि अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 15 से 20 ऐसे बच्चे आ रहे हैं, जिन्हें भर्ती कर इलाज देना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने



सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं और डॉक्टरों की टीम लगातार स्थिति पर नजर रख रही है। अभिभावकों ने बताया कि अचानक बढ़ी गर्मी के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ रही है, जिसमें तेज बुखार, उल्टी-दस्त, पेट दर्द और कमजोरी मुख्य शिकायतें हैं। डॉक्टरों का कहना है कि तेज धूप और शरीर में पानी की कमी बच्चों को तेजी से बीमार कर रही है। डॉक्टरों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि वे बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस का घोल पिलाएं।

# व्यापार मंडल ने की बैठक

## देशहित और विकास पर जोर, सोना न खरीदने की अपील

**तमसा संकेत, एजेंसी**

संभल। संभल के कोट गर्बी में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नगर अध्यक्ष नाजिम सैफी के आवास पर हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के बीच समन्वय स्थापित करना और देश-प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करना था। बैठक की अध्यक्षता हाजी अशरफ शालीमार ने की, जबकि संचालन सलमान खान ने किया। बैठक में हाजी एहतेशाम अहमद ने देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री के निर्देशों के अनुरूप संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से पेट्रोल और डीजल के अनावश्यक उपयोग से बचने की अपील की। साथ ही, उन्होंने सोने-चांदी के आभूषणों की अनावश्यक खरीद से भी बचने का आग्रह किया, ताकि आर्थिक संतुलन बना रहे और राष्ट्रीय संसाधनों का



सही उपयोग हो सके। नगर अध्यक्ष नाजिम सैफी ने कहा कि विकास कार्यों में लगे राज्य कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी देकर सहयोग करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पारदर्शिता और सहयोग की भावना से कार्य करने पर प्रदेश और देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। इस दौरान व्यापार मंडल के विभिन्न पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। सभी उपस्थित सदस्यों ने एकमत होकर समाजहित और देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में मीडिया प्रभारी अजीम अब्बासी, फुरकान वारसी, मोहतासिम राजा, शाहनवाज अंसारी, सोमनाथ खुराना, दीपक वर्मा, रेहान वारसी, मो. जुहैब, मो. नईम, आदिल उर्फ बिट्टू वारसी, शान एडवोकेट, शाहनवाज अख्तर, अतीक सैफी, मो. रेहान वारसी, मो. अमान सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# हाईवे किनारे खेत में मिला छात्रा का शव

## मुंह से निकल रहा था खून, हत्या की आशंका, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली। बरेली के सीबीगंज थाना क्षेत्र में बड़े बाईपास किनारे एक खेत में 16 वर्षीय छात्रा का शव बरामद हुआ। छात्रा स्कूल यूनिफॉर्म में थी। घटना की जानकारी फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। शुरुआती परिस्थितियों को देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। छात्रा के मुंह से खून निकल रहा था, जिससे मामला बेहद संदिग्ध नजर आ रहा है। आशंका जताई जा रही है कि वारदात को कहीं और अंजाम देने के बाद शव को हाईवे किनारे खेत में फेंका गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। शव मिलने की खबर के बाद इलाके



में दहशत का माहौल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस आसपास के स्कूलों और लापता बच्चों के रिकॉर्ड खंगाल रही है, ताकि छात्रा की पहचान जल्द से जल्द की जा सके।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस छात्रा की शिनाख्त और घटना से जुड़े सुराग जुटाने में लगी हुई है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'ये दुनिया के लिए ...

उन्हें 'प्रिंसेस ऑफ ऑरेंज' की उपाधि मिली हुई है। नीदरलैंड के हेग शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोगों को संबोधित किया। उनका भाषण खत्म होते ही वहां मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। पूरे हॉल में तालियों और नारों की गूंज सुनाई दी। मोदी ने नीदरलैंड के हेग शहर में भारतीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत बड़े सपने देख रहा है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अब एआई और सेमीकंडक्टर यानी कंप्यूटर चिप बनाने जैसे क्षेत्रों में भारत को आगे ले जाना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत तेजी से बदल रहा है और तकनीक व डिजिटल क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। देश के नए स्टार्टअप एआई, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अच्छा काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हाल ही में बड़ा एआई सम्मेलन आयोजित किया था। इससे पहले जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भी सफलतापूर्वक की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और नीदरलैंड के संबंध भी इसी तरह मजबूत हैं और दोनों देश मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। ट्यूलिप और कमल दोनों फूल हमें बताते हैं कि जड़े जाहे पानी में हो या धरती पर अगर सही पोषण मिले तो सुंदरता भी मिलती है और मजबूती भी आ जाती है। यही भारत और नीदरलैंड के बीच पार्टनरशिप का भी आधार है। हमारे बीच दोस्ती की एक और कड़ी है, जिसकी उतनी चर्चा नहीं होती, खेल। हम दोनों देश खेल के क्षेत्र में बहुत कुछ मिलकर कर रहे। जैसे क्रिकेट में नीदरलैंड किक्रेट में भारतीय समुदाय का बहुत योगदान है। द हेग में अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज की दुनिया नई चुनौतियों से जूझ रही है। पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब एनर्जी क्राइसिस है। ये दशक दुनिया के लिए आपदाओं का दशक बन गया है। अगर ये नहीं बदला तो बीते अनेक दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीब हो जाएगी। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 2025 में भारत में करीब 44 करोड़ हजार नए स्टार्टअप स्टाट हुए हैं। पिछले साल भारत में 1.25 लाख से ज्यादा पेटेंट फाइल हुए। भारत चिप मेकिंग में सेमीकंडक्टर में भी बड़े कदम उठा रहा है। 12 सेमीकंडक्टर प्लांट पर काम चल रहा है। इनमें से 2 में प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। अब चिप भी डिजाइन इन इंडिया, मेड इन इंडिया होगी। भारत की ये जर्नी हमारे लोकतंत्र को मजूबूत बना रही है। मोदी ने कहा कि भारत में एक साल में 20 बिलियन से ज्यादा UPI ट्रांजेक्शन हुए हैं। यानी पूरी दुनिया में हो रहे ट्रांजेक्शन का आधे से ज्यादा भारत में हो रहा है। स्टार्टअप तो आज भारत के युवाओं का मिजाज बन चुका है। 12 साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्ट-अप थे। आज यह 2 लाख से ज्यादा हो गई है। स्टार्टअप की दुनिया में भी 2014 में सिर्फ 4 यूनिकॉर्न थे आज 125 एक्टिव यूनिकॉर्न हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश हो अगर उसे आगे बढ़ना चाहता है, तो उसे बड़े सपने देखने ही होंगे। आज हमारा भारत भी बहुत बड़े सपने देख रहा है। आज देश कह रहा है हमें सिर्फ ट्रांसफॉर्मेशन नहीं चाहिए हमें बेस्ट चाहिए और बेस्ट ही नहीं हमें फास्टेस्ट चाहिए। आज भारत का युवा आसमान छूना चाहता है, वो स्टार्टअप शुरू करना चाहता है। क्वालिटी प्रोडक्ट बनाना चाहता है। वो एआई और सेमीकंडक्टर की दुनिया में भारत का आगे ले जाना चाहता है। इसिलए ही भारत का स्टार्टअप इको सिस्टम लगातार हो रहा है। अब हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टिम वाले देश हैं। भारत चाहता है कि वह दुनिया का ग्रोथ इंज न बने।

### नीट- यूजी 2026 ...

सीबीआई ने बताया कि उसके पास बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्न पत्रों की पूरी एक्सेस थी। मनीषा की भूमिका के बारे में विस्तार से बताते हुए सीबीआई ने कहाकि अप्रैल 2026 में मंधारे ने पुणे की मनीषा वाघमारे के जरिए संभावित नीट परीक्षा उम्मीदवारों को जुटाया। इसके बाद इन छात्रों के लिए अपने पुणे निवास पर कोचिंग क्लासेस चलाईं। सीबीआई जांच में शामिल एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एनटीए से दो सेट के प्रश्न पत्र लीक हुए थे। इनमें से एक हाथ से लिखा हुआ और एक टाइप किया हुआ था। इसके पीछे कुलकर्णी और मंधारे थे। अधिकारियों ने कहाकि प्रश्न पत्र तैयार करने वाली पूरी कमेटी और एनटीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी जांच के दायरे में हैं। आने वाले दिनों में और अधिक गिरफ्तारियां हो सकती हैं। एक सीबीआई अधिकारी ने बताया कि यह पहली बार है जब पेपर लीक की जांच में हमें एनटीए से जुड़े मिले हैं। एक बार पेपर लीक होने और मैसेजिंग ग्रुप्स में पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने इसका फायदा उठाया। उन्होंने कहाकि हम उन सभी तक पहुंचेंगे, लेकिन फिलहाल हम लीक के स्रोत और उनके सहयोगियों की तलाश में हैं। इसके अलावा जांच एजेंसी, इस बात की भी जांच कर रही है क्या कुलकर्णी और मांधारे पहले भी पेपर लीक में शामिल रह चुके हैं? कुलकर्णी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल था और उसकी प्रश्नपत्रों तक पहुंच थी। अप्रैल 2026 के आखिरी हफ्ते के दौरान उसने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को इकट्ठा किया था। मनीषा को सीबीआई ने एक दिन पहले 14 मई को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि कुलकर्णी ने पुणे में अपने आवास पर चुनिंदा छात्रों के लिए विशेष कोचिंग क्लास आयोजित कीं, जहां उसने विकल्पों और सही उत्तरों के साथ प्रश्न लिखवाये। छात्रों के नोटबुक में हाथ से लिखे गये प्रश्न तीन मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से बिल्कुल मेल खाते पाये गये।

### दुनिया जूझ रही...

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम गोरखपुर मुख्यालय से 20 किमी दूर वाराणसी हाईवे पर ताल नदौर में बन रहा है। यह सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है। स्टेडियम की लागत 393 करोड़ रुपए आएगी। स्टेडियम बनने के बाद 30 हजार दर्शक बैठकर मैच देख सकेंगे। इसका निर्माण 24 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ, जो 23 दिसंबर 2027 तक चलेगा। यानी 2 साल के भीतर स्टेडियम बनकर तैयार हो जाएगा। सीएम योगी ने कहा- अब तक हम लोग 534 से अधिक नौजवानों को नौकरी दे चुके हैं। सीधी भर्ती में ललित उपाध्याय, दीप्ति शर्मा, पारुल चौधरी, अर्जुन देशवाल, प्रवीण कुमार, राजकुमार पाल को सीधे डिप्टी एसपी का पद दिया है। विजय कुमार यादव और दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार बनाया है। अर्जुन सिंह को यात्री एवं मालकर अधिकारी बनाया है। इन्होंने इंटरनेशनल पदक जीते हैं। उन्होंने कहा- 500 खिलाड़ियों की नई भर्ती फिर से निकाली है। जिन्होंने इंटरनेशनल पद जीते हैं, उन्हें सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति पत्र मिलेगा। भारत ने 2036 के ओलंपिक के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। प्रधानमंत्री भारत के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा भारत की जमीन पर दिखाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। CM योगी ने कहा- गोरखपुर-वाराणसी मार्ग आज से 10 साल पहले तक खराब था। वाराणसी जाने में 7 से 8 घंटे तक लगते थे। आज ढाई घंटे में पहुंच सकते हैं। विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जो लोग जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर बांटते हैं, वे आपके हितैषी नहीं हो सकते। याद करना जब भी इनके पास सत्ता आई है, उन लोगों ने सत्ता का दुरुपयोग कर, सब अपने परिवार के लिए किया है। आपके हित के लिए उपयोग नहीं किया है। उन्होंने अपने परिवार, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, गुंडागर्दी के लिए करते रहे हैं। लेकिन डबल इंजन की सरकार आम जन के कल्याण के लिए, विकास परियोजनाओं एवं रोजगार के सृजन के लिए कार्य कर रही है। सरकार के पास जमीन होगी तो उसका उपयोग लोक कल्याण के लिए होगा। सरकार की जमीन पर कोई कब्जा कर लेगा तो वह अपने हिसाब से उसका दुरुपयोग करेगा।

# मार्श-पूरन ने कारनामा किया, आकाश ने विकेट लेकर पर्ची निकाली

# कम्बोज के दो ओवर में लगातार 4-4 सिक्स लगे

**मैच**

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने IPL 2026 के 59वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने 188 रन का टारगेट 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच में अंशुल कम्बोज के दो अलग-अलग ओवरों में लगातार 4-4 सिक्स लगे। पहले मिचेल मार्श ने पावरप्ले में अंशुल के ओवर में 28 रन बटोरे, फिर निकोलस पूरन ने 17वें ओवर की चारों गेंदों पर सिक्स लगाकर मैच खत्म कर दिया। वहीं,



तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने 3 विकेट लेने के बाद जेब से पर्ची निकालकर जश्न मनाया। मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस ने चेन्नई के खिलाफ 135 रन की साझेदारी की। यह लखनऊ के लिए IPL में किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। LSG के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के नाम है। दोनों ने 2022 में KKR के खिलाफ 210 रन की नाबाद साझेदारी की थी। चेन्नई ने IPL 2026 में अपने प्लेइंग कॉम्बिनेशन में लगातार बदलाव किए हैं।

**लखनऊ के निकोलस पूरन टीम के लिए सबसे ज्यादा आउटफील्ड कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके नाम अब 21 कैच हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में दीपक हुड्डा और रवि बिश्नोई को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 20-20 कैच हैं।**

### मार्श ने एलएसजी के लिए इस सीजन लगाए 31 छक्के

मिचेल मार्श IPL 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके नाम अब 31 छक्के हो गए हैं।

LSG के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड निकोलस पूरन के नाम है, जिन्होंने 2025 में 40 छक्के लगाए थे।

### अंशुल ने चेन्नई के लिए दूसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका

तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज ने चेन्नई के लिए दूसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका। उन्होंने 2.4 ओवर में 63 रन दिए। IPL में तीन या उससे कम ओवर फेंककर 60+ रन देने वाले वह दूसरे गेंदबाज बने। उनसे पहले खलील अहमद ने 2025 में RCB के खिलाफ 3 ओवर में 65 रन दिए थे।

अंशुल की 16 में से 11 गेंदों पर चौका या छक्का लगा। यानी उनकी 68.75% गेंदें बाउंड्री के लिए गईं। IPL इतिहास में कम से कम 2 ओवर के स्पेल में इससे खराब बाउंड्री प्रतिशत सिर्फ वॉशिंगटन सुंदर का रहा है, जिनकी 2024 में दिल्ली के खिलाफ 12 में से 10 गेंदों पर बाउंड्री लगी थी।



अंशुल कम्बोज ने अपने स्पेल में 63 रन दिए।

### अंशुल ने पावरप्ले में सीएसके के लिए सबसे महंगा ओवर फेंका

चेन्नई के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज के एक ओवर में मिचेल मार्श ने 28 रन बटोर दिए। इसके साथ ही यह IPL इतिहास में पावरप्ले के दौरान किसी CSK गेंदबाज का सबसे महंगा ओवर बन गया। इससे पहले 2024 में मुकेश चौधरी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दूसरे ओवर में 27 रन दिए थे।

# ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख का जुर्माना

## स्लो ओवर रेट के कारण आईपीएल की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के कप्तान ऋषभ पंत पर IPL गवर्निंग काउंसिल ने 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के कारण की गई।

मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम की इस सीजन में यह पहली गलती थी, इसलिए IPL नियमों के तहत उन पर केवल आर्थिक जुर्माना लगाया गया।

ओवर-रेट से जुड़े आर्टिकल 2.22 के अनुसार किसी टीम को तय समय में अपने 20 ओवर डालने होते हैं। ऐसा नहीं होने पर IPL गवर्निंग काउंसिल दोषी पाए



जाने पर कप्तान पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है।

IPL नियमों के मुताबिक, अगर लखनऊ की टीम इस सीजन में दोबारा स्लो ओवर रेट की गलती करती है, तो कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना बढ़कर 24 लाख रुपए हो जाएगा। प्लेइंग इलेवन के बाकी खिलाड़ियों पर भी मैच फीस का 25% या 6 लाख रुपए (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया जाएगा। अगर तीसरी बार भी यही गलती होती है, तो कप्तान पर 30 लाख का जुर्माना और एक मैच का बैन लग सकता है।

### डि ब्रुइन और कोर्टुआ संभालेंगे कमान, ओपेंडा बाहर लिले के फर्नांडीज को पहली बार मौका

# फीफा वर्ल्ड कप के लिए बेल्जियम टीम का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए बेल्जियम ने 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर थिबो कोर्टुआ और मिडफील्डर केविन डि ब्रुइन टीम की कमान संभालेंगे। वर्ल्ड कप 12 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। मुख्य कोच रूडी गार्सिया की टीम इस बार डार्क हॉर्स (छुपा रुस्तम) साबित हो सकती है। बेल्जियम को अब भी अपने पहले वर्ल्ड कप खिताब का इंतजार है।

बेल्जियम को ग्रुप-जी में मिस्र (इजिप्ट), ईरान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। टीम 16 जून को मिस्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

लिले के 21 साल के फॉरवर्ड मटियास फर्नांडीज-पार्डो को पहली



बार बेल्जियम की नेशनल टीम में जगह मिली है। उनके चयन पर लंबे समय से सस्पेंस था, क्योंकि उन्होंने पिछले साल स्पेनिश नागरिकता ले ली थी।

हालांकि, थॉमस म्यूनिएर और नाथन न्गोय के साथ करीबी रिश्तों के चलते वे बेल्जियम के लिए खेलना चाहते थे। विवादों के बावजूद कोच रूडी गार्सिया ने इस युवा खिलाड़ी पर भरोसा जताया है।

युवेंटस के स्ट्राइकर लोइस ओपेंडा को वर्ल्ड कप टीम से बाहर कर दिया गया है। उनका पिछला सीजन खराब रहा था और वे नए क्लब की तलाश में हैं।

**बेल्जियम की टीम 13 बार फुटबॉल वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुकी है। टीम का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन 2018 वर्ल्ड कप में रहा था, जब केविन डि ब्रुइन की अगुआई में वह तीसरे स्थान पर रही थी। तब बेल्जियम ने तीसरे स्थान के मुकाबले में इंग्लैंड को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इससे पहले 1986 वर्ल्ड कप में टीम चौथे स्थान पर रही थी।**

### 15 गेंदों में जड़ा अर्धशतक ■ भारत की ऋचा घोष समेत 3 बैटर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

# पाकिस्तान की फातिमा की महिला टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने महिला टी-20 इंटरनेशनल मैच में सबसे तेज फिफ्टी का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कराची में शुक्रवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 इंटरनेशनल में 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ा।

34 साल की फातिमा ने सोफी डिवाइन, फीबी लिचफील्ड और भारत की ऋचा घोष का रिकॉर्ड तोड़ा। इन तीनों ने 18-18 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी। इससे पहले पाकिस्तान के लिए यह रिकॉर्ड निदा डार के नाम था। उन्होंने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 20 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी।

फातिमा की तूफानी पारी और सायरा जबीन के नाबाद 50 रन की बदौलत पाकिस्तान ने 20 ओवर में 4



विकेट पर 223 रन बनाए। यह टी-20 में पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इसी सीरीज के पहले मैच में टीम ने 237 रन बनाए थे।

> **फातिमा सना की यह पारी इंटरनेशनल के साथ ओवरऑल विमेंस टी-20 क्रिकेट में भी सबसे तेज फिफ्टी है। मैरी केली ने 2022 में वॉर्विकशायर और लॉरा हैरिस ने 2025 में ओटागो के लिए घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए थे।**



### 19वें ओवर में 24 रन, 19 गेंदों में नाबाद 62 रन

तीसरे टी-20 में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की थी। फातिमा सना 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरीं। तब टीम का स्कोर 152 रन पर 4 विकेट था। उन्होंने पहली गेंद पर चौका लगाया। इसके बाद कुदजई चिगोरा की गेंदों पर लगातार चार चौके जड़े।

फातिमा ने 19वें ओवर में नोमवेलो सिबांडा के खिलाफ सबसे आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने ओवर में 4, 4, 6, 6 और 4 रन के साथ 24 रन बनाए। आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर 2 रन लेकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पारी का अंत दो चौकों के साथ किया और 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रहीं। इस दौरान 10 चौके और 2 छक्के लगाए।

### 2026 में 206 के स्ट्राइक रेट से टी-20 में रन बना रहीं फातिमा

कप्तान फातिमा सना इस साल शानदार फॉर्म में हैं। वह 2026 में 5 पारियों में 229 रन के साथ पाकिस्तान की सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उनका स्ट्राइक रेट 206.30 का रहा है, जो इस साल 10 से ज्यादा गेंद खेलने वाली किसी भी महिला बल्लेबाज में सबसे बेहतर है। फरवरी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 41 गेंदों में 90 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली थी।

## मनोरंजन





# विजय का नाम सुन शरमाईं तृषा कृष्णन

## फैन ने कहा- थलापति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है, एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट

नई दिल्ली। चेन्नई में शुक्रवार को थिएटर से बाहर निकलते समय एक फैन ने तृषा कृष्णन से विजय का जिक्र किया तो एक्ट्रेस ब्लश कर गईं।

शुक्रवार को तृषा चेन्नई में अपनी नई रिलीज फिल्म 'करुप्पु' की स्क्रीनिंग में पहुंचीं। इस दौरान डायरेक्टर आरजे बालाजी और एक्टर कार्थी भी मौजूद थे। थिएटर से बाहर निकलते समय तृषा अपनी कार में बैठी थीं। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी। इसी दौरान एक फैन ने कहा, 'थलपति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है।'

इस पर तृषा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'कंदीपा (जरूर)'। फिर उन्होंने सिर नीचे कर लिया। इसके बाद वह फोन चलाती नजर आती हैं। बाद में तृषा वहां मौजूद फैंस की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन भी करती दिखीं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो तृषा की 2015 में बिजनेस मैन वरुण मनियन से सगाई हुई थी, लेकिन बाद में दोनों अलग हो



**■ वहीं, 4 मई को चुनाव परिणाम के दिन तृषा विजय के नीलांकरई स्थित घर भी पहुंची थीं। खास बात यह रही कि उसी दिन तृषा का 43वां जन्मदिन भी था।**

गए थे। वहीं, विजय ने 1999 में संगीता सोरनालिंगम से शादी की थी। इस शादी से दोनों के दो बच्चे जेसन संजय और दिव्या साशा हुए। वहीं, विजय और संगीता के तलाक का मामला अदालत में चल रहा है।

### तृषा और विजय की डेटिंग चर्चा

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से तृषा को एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के साथ लिंक किया जा रहा है। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है।

हाल ही में सीएम विजय के एक फैसले की भी काफी चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने तृषा की फिल्म 'करुप्पु' के लिए सुबह 9 बजे के मॉर्निंग शो (स्पेशल स्क्रीनिंग) की विशेष अनुमति दी। बता दें कि मॉर्निंग शो पर राज्य में पिछले 3 सालों से प्रतिबंध लगा हुआ था।

इससे पहले 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुईं।



# मां बनने के बाद पोस्टपार्टम को याद कर इमोशनल हुईं रुबीना दिलाइक

नई दिल्ली। टेलीविजन एक्ट्रेस रुबीना दिलैक (Rubina Dilaik) साल 2023 में मां बनी थीं। एक्ट्रेस ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया जिनका नाम उन्होंने जीवा और एधा रखा। रुबीना दिलैक ने अभिनव शुक्ला से 21 जून 2018 को शिमला में शादी की थी।

अब अभिनेत्री रोहित शेट्टी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में एक बार फिर हिस्सा लेने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की।

बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में, जब रुबीना से उनके पोस्टपार्टम डिप्रेशन के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा- "पोस्टपार्टम सच में होता है। हार्मोन्स की वजह से शरीर में बदलाव आते हैं। इसे वही व्यक्ति समझ सकता है जो इससे गुजर चुका हो। फरवरी तक मैं बेहद उदास थी और अपनी पहचान को लेकर संघर्ष कर रही थी। नवंबर, दिसंबर, जनवरी और फरवरी मेरे पोस्टपार्ट्म के सबसे कठिन दौर थे। पोस्टपार्टम के सामने डिप्रेशन कुछ नहीं था।'

रुबीना ने आगे बताया कि पोस्टपार्टम और डिप्रेशन को हल्के में नहीं लेना चाहिए। अगर कोई महिला की कही इस बात को खारिज कर रहा है तो इसका मतलब ये है कि उसने कभी इसे झेला ही नहीं।

जब आप अपने पोस्टपार्टम फेज में होते हैं तो आप खुद को नापसंद करने लगते हैं।



> **"कॉन्सर्ट ऑर्गनाइजर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा था, 'मौजूदा जियो पॉलिटिकल स्थिति और क्षेत्रीय तनाव के कारण शकीरा का कॉन्सर्ट अगले नोटिस तक पोस्टपोन किया जा रहा है। हमारे लिए फैंस, आर्टिस्ट और प्रोडक्शन टीम की सुरक्षा सबसे ऊपर है।'**
>
> **ऑर्गनाइजर्स ने कहा था कि वे शकीरा की टीम के साथ मिलकर नई तारीखों पर काम कर रहे हैं और जैसे ही कुछ फाइनल होगा, उसकी जानकारी दी जाएगी।**

# कान्ये वेस्ट का दिल्ली कॉन्सर्ट कैंसिल

## पहली बार भारत में परफॉर्म करने वाले थे रैपर, ऑर्गनाइजर बोले- सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

नई दिल्ली। इंटरनेशनल रैपर कान्ये वेस्ट (ये) का भारत में होने वाला कॉन्सर्ट कैंसिल कर दिया गया है। रैपर भारत में पहला कॉन्सर्ट 23 मई को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था। इससे पहले यह शो 29 मार्च के लिए तय किया गया था, जिसे बाद में रीशेड्यूल किया गया था।

इवेंट ऑर्गनाइजर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक बयान में कॉन्सर्ट कैंसिल करने की घोषणा की। बयान में कहा गया कि अधिकारियों के निर्देशों के कारण यह लाइव इन इंडिया इवेंट नहीं हो पाएगा।

ऑर्गनाइजर ने कहा कि महीनों की तैयारी के बाद, यह भारत में अब तक के सबसे बड़े लाइव कॉन्सर्ट्स में से एक होने वाला था, लेकिन मौजूदा सेंसिटिव हालात को देखते हुए पब्लिक सेफ्टी को



प्रायोरिटी दी गई है। पोस्ट में यह भी जानकारी दी गई कि टिकट खरीदने वाले लोगों को पूरा रिफंड दिया जाएगा। वहीं, नई तारीख और वेन्यू को लेकर कान्ये वेस्ट की टीम के साथ बातचीत जारी है। कान्ये वेस्ट को 2003 में उनके गाने 'थ्रू द वायर' से पहचान मिली थी। उनका पहला एल्बम 2004 में रिलीज हुआ था। उनके फेमस गाने 'नाइज इन पेरिस', 'बाउंड 2' और 'हरिकेन' हैं। शकीरा के इस कॉन्सर्ट को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज था, क्योंकि वे 2007 के बाद पहली बार भारत आने वाली थीं। इसके टिकट काफी महंगे बिके थे।

### शकीरा का इंडिया कॉन्सर्ट भी पोस्टपोन हुआ था

ग्लोबल सिंगर शकीरा का अप्रैल में होने वाला 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' पोस्टपोन किया गया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और ईरान-इजराइल युद्ध की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया था। शकीरा का मुंबई में 10-11 अप्रैल और दिल्ली में 15 अप्रैल को परफॉर्म करने का शेड्यूल था। अभी तक कॉन्सर्ट की नई तारीखों का एलान नहीं किया गया है।

### समुद्र के नीचे गहरी गुफाओं की खोज में निकले थे, सिर्फ एक का शव मिला, बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका

# मालदीव में इटली के 5 गोताखोरों की मौत

**घटना**

**माले, एजेंसी**

मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे।

अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है। खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मोनिका मोंटेफाल्कोने, जॉर्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' नाम की बोट से समुद्र में गई थी। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद हुसैन शरीफ ने बताया कि शुक्रवार को आठ डाइवर्स ने सर्च ऑपरेशन में हिस्सा लिया। वे जोड़ी बनाकर गुफा के गहरे हिस्सों तक पहुंचे, लेकिन मौसम खराब होने के बाद मिशन रोकना पड़ा।



पांचों डाइवर्स समुद्र और गोताखोरी के बारे में काफी जानकारी रखते थे।

### मौत की वजह अब तक साफ नहीं

डाइवर्स की मौत की असली वजह अब तक सामने नहीं आई है। हालांकि, जांच एजेंसियां और डाइविंग एक्सपर्ट्स कई संभावनाओं पर काम कर रहे हैं।

मालदीव पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या खराब मौसम की वजह से पानी के अंदर विजिबिलिटी बहुत कम हो गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के समय 25 से 30 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं।

इटली के अखबार ला रिपब्लिका के मुताबिक, खराब मौसम के कारण विजिबिलिटी घटने से डाइवर्स गुफा के अंदर रास्ता भटक गए होंगे।

### खराब मौसम से रुका रेस्क्यू ऑपरेशन

रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक बेनेडेट्टी का शव अंडर-वॉटर केव सिस्टम के प्रवेश द्वार के पास मिला। बाकी डाइवर्स के गुफा के अंदर फंसे होने की आशंका है।

न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, जिस केव सिस्टम में डाइवर्स गए थे, उसमें तीन बड़े चैम्बर्स हैं, जो पतले रास्तों से जुड़े हुए हैं। रेस्क्यू टीम अब तक दो चैम्बर्स की तलाशी ले चुकी है। डायविंग की सुरक्षित समय सीमा की वजह से ऑपरेशन सीमित रखना पड़ा।



- **बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ डाइविंग एक्सपर्ट्स ऑक्सीजन टॉक्सिसिटी की आशंका भी जता रहे हैं। यह स्थिति तब होती है, जब डाइविंग टैंक में मौजूद गैस का मिश्रण गहराई के हिसाब से सही नहीं होता और ज्यादा दबाव में ऑक्सीजन जहरीली हो जाती है।**
- **इसी बीच, इटली सरकार ने कहा है कि वह डाइवर्स अलर्ट नेटवर्क नाम की स्पेशलिस्ट डाइविंग संस्था के साथ मिलकर शवों को वापस लाने की प्रक्रिया पर काम कर रही है।**

### यूनिवर्सिटी ऑफ जेनोवा से जुड़े थे चार डाइवर्स

रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार डाइवर्स इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी यॉट पर बोट ऑपरेशंस मैनेजर थे। उनका शव ही अब तक बरामद किया जा सका है।

मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलॉजिस्ट और यूनिवर्सिटी ऑफ जेनोवा में ट्रॉपिकल मरीन इकोलॉजी और अंडरवॉटर साइंस की प्रोफेसर थीं। इटली की मीडिया के मुताबिक वह मालदीव में एक आइलैंड मॉनिटरिंग कैंपेन की साइंटिफिक डायरेक्टर भी थीं।

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी बेटी जॉर्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में दिलचस्पी थी। उन्होंने उसी यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी।

31 साल की म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलॉजिस्ट और इकोलॉजिस्ट थीं। उन्होंने कई वैज्ञानिक रिसर्च पेपर भी लिखे थे। वहीं, 31 साल के फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलॉजी और इकोलॉजी में डिग्री पूरी की थी। वह सर्टिफाइड स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे।

बेनेडेट्टी पहले बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर में काम करते थे। बाद में उन्होंने डाइविंग के शौक के चलते 2017 में मालदीव शिफ्ट होने का फैसला किया और बोट ऑपरेशंस मैनेजर बन गए।

**फास्ट न्यूज**

### पेट्रोल पर 3 विंडफॉल टैक्स, डीजल-जेट फ्यूल पर ड्यूटी घटी

नई दिल्ली । देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी के बाद केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव किया है। सरकार ने पेट्रोल एक्सपोर्ट पर 3 प्रति लीटर का विंडफॉल टैक्स लगा दिया है। डीजल और जेट फ्यूल (ATF) पर टैक्स घटाया है।

### चांदी इस हफ्ते 12,900 महंगी, 2.69 लाख पहुंची

नई दिल्ली। इस हफ्ते 1 किलो चांदी के दाम 12,900 रुपए बढ़कर 2.69 लाख रुपए पहुंच गए हैं। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 9 मई को 2.56 लाख रुपए पर थी। वहीं, सोने के दाम में 7,132 की बढ़ोतरी हुई। 9 मई को 10 ग्राम सोना 1.51 लाख रुपए पर था, जो बढ़कर 1.58 रुपए पर पहुंच गया है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,015 रुपए और चांदी 38,080 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.58 लाख रुपए पर पहुंच गया है।


### कांगो में इबोला से 65 लोगों की मौत से मचा हड़कंप

नई दिल्ली। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के पूर्वी इतूरी प्रांत में इबोला का एक नया स्ट्रेन सामने आया है। इस घातक वायरस के कारण अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है, स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। देश के स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर कंबा मुलाम्बा ने शुक्रवार देर रात बताया कि गुरुवार को जांचे गए नमूनों में इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के आठ मामलों की पुष्टि हुई है।

## यूक्रेन युद्ध के बाद से रूस की जेलों में कैदियों की संख्या 40% घटी

### जेल प्रमुख ने मानी सेना में भर्ती की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**




रूस में पिछले पांच वर्षों के भीतर कैदियों की संख्या में 40% की भारी गिरावट दर्ज की गई है। रूस के जेल प्रमुख अर्कादी गोस्तेव ने खुद इस बात को स्वीकार किया है कि कैदियों की संख्या में भारी कमी के पीछे यूक्रेन युद्ध है, जिसके कारण कैदियों को सेना में भर्ती किया गया है। दरअसल, रूस की जेलों में बंद कैदियों की संख्या । साल 2021 के अंत में कैदियों की संख्या 4,65,000 थी, वहीं अब वह घटकर 2,82,000 रह गई है, जो करीब 40 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। वर्तमान में जेल में बंद लगभग 85,000 कैदी विचाराधीन हिरासत में हैं। रूस की जेल सेवा के प्रमुख अर्कादी गोस्तेव ने गुरुवार को कहा, ₹रूस में कैदियों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में 1,80,000 से अधिक की गिरावट आई है। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि मॉस्को ने दोषियों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा था। चार वर्षों के युद्ध में रूस ने कैदियों को यूक्रेन में लड़ने के लिए सेना में भर्ती होने का ठेका दिया है और अगर वे जीवित बच जाते हैं तो उनकी सजा माफ करने का वादा भी किया है। जेल प्रमुख गोस्तेव के अनुसार, साल 2026 तक लगभग 16,000 कैदी सैन्य विनिर्माण (जंग से जुड़े सामानों को बनाने) के काम में लगे हुए हैं। ये कैदी रूसी सेना के लिए हर साल करीब 5.5 अरब रूबल (लगभग 65 मिलियन यूरो) के सामान का उत्पादन कर रहे हैं।

### 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रम्प के फैसले का इंतजार

# ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

**तेल अवीव, एजेंसी**



अमेरिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं।

एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है। दोनों नेताओं ने माना कि मौजूदा युद्ध खत्म होना चाहिए और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खुला रहना चाहिए। हालांकि चीन ने युद्ध खत्म कराने में बड़ी भूमिका के संकेत नहीं दिए। नई दिल्ली में हुई BRICS विदेश मंत्रियों की बैठक में ईरान युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद दिखे। साझा बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर सभी देशों की सोच अलग-अलग है।

**रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रॉयर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं। करीब 5 हजार मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 2 हजार पैराट्रूपर्स भी आदेश का इंतजार कर रहे हैं।**



### ईरान की चेतावनी- यूएन प्रस्ताव का समर्थन करने वाले भी जिम्मेदार होंगे

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने चेतावनी दी है कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिका समर्थित प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों को भी किसी नए सैन्य तनाव के लिए जिम्मेदार माना जाएगा।

ईरान ने कहा कि अगर अमेरिका क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई बढ़ाता है, तो इस प्रस्ताव के सह-प्रायोजक देश भी उसकी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी साझा करेंगे। X पर जारी बयान में ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ज्यादा देशों का समर्थन दिखाकर दुनिया के सामने झूठी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहा है। ट्रम्प ने ईरान को लेकर पूछे गए एक सवाल पर पत्रकार पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने रिपोर्टर को झूठा बताया और उसकी रिपोर्टिंग को देशद्रोह जैसा करार दिया। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान में पूरी तरह सैन्य जीत हासिल की है और यह बात सभी मानते हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ आप जैसे लोग ही सच नहीं लिखते।

### अफ्रीका में छिपा था, ट्रम्प बोले- वह दुनिया का सबसे एक्टिव आतंकी था

# आईएसआईएस के नंबर-2 कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आतंकी संगठन ISIS के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी के मारे जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर अफ्रीका में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ट्रम्प ने कहा कि यह ऑपरेशन बहुत ही प्लानिंग के साथ और बेहद मुश्किल तरीके से अंजाम दिया गया। वह छिपा हुआ था तभी उसे निशाना बनाया गया। उनके मुताबिक यह आतंकी दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकियों में से एक था और उसे खत्म करने के लिए काफी समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उसके मारे जाने से ISIS के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि ऑपरेशन कहां और कब हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अल मिनुकी का जन्म 1982 में नाइजीरिया के बोर्नो राज्य में हुआ था। यह इलाका कैमरून, चाड और नाइजर की सीमा से लगता है। जून 2023 में बाइडेन सरकार ने मिनुकी को 'स्पेशली डेजिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित किया था। जब अमेरिका किसी व्यक्ति या संगठन को दुनिया के लिए खतरनाक आतंकवादी मान लेता है, तो उसे इस सूची में डाल देता है। जिस व्यक्ति या संगठन को यह दर्जा मिल जाता है, उसके ऊपर कई सख्त पाबंदियां लग जाती हैं। जैसे उसकी अमेरिका में मौजूद सारी संपत्ति फ्रीज कर दी जाती है, कोई भी अमेरिकी नागरिक या कंपनी उससे लेन-देन नहीं कर सकती, साथ ही उसे आर्थिक और वित्तीय तौर पर पूरी तरह अलग-थलग करने की कोशिश की जाती है।

पिछले महीने ISIS ने नाइजीरिया के अदामावा राज्य में हुए एक हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें कम से कम 29 लोगों की मौत हुई थी। यह हमला गोम्बी लोकल गवर्नमेंट एरिया के गुयाकू इलाके में हुआ, जहां हथियारबंद हमलावरों ने स्थानीय लोगों को निशाना बनाया।

### आतंकी मिनुकी की कोई तस्वीर नहीं

ISIS का सबसे बड़ा नेता उसका खलीफा होता है। अभी के समय में इस संगठन का प्रमुख अबू हफ्स अल हाशिमी अल कुरैशी माना जाता है। वहीं नंबर-2 अल मिनुकी को इस्लामिक स्टेट (ISIS) का संगठन और फंडिंग संभालने वाला दिमाग माना जाता था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, वह अमेरिका और उसके विदेशों में मौजूद हितों पर हमलों की योजना बना रहा था। मिनाकी के और भी कई नाम बताए गए थे, जिनमें अबुबकर मैनोक और अबोर मैनोक भी शामिल थे। अल मिनुकी की कोई आधिकारिक फोटो सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है। वह एक 'शैडो फिगर' यानी पर्दे के पीछे काम करने वाला कमांडर माना जाता था।

# ब्रिटेन में भारतीय मूल के इमाम ने 'जिन्न' का डर दिखाकर किया यौन शोषण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्वी लंदन में एक भारतीय मूल के इमाम को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, जिसने धार्मिक नेता के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिला श्रद्धालुओं का यौन शोषण किया था। अब्दुल हलीम खान को गुरुवार को स्नेयर्सब्रुक क्राउन कोर्ट में सजा सुनाई गई। उसे 2004 से 2015 के बीच सात महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ किए गए 21 यौन अपराधों का दोषी पाया गया था। जस्टिस लेस्ली कथबर्ट ने आदेश दिया कि 54 वर्षीय खान को पैरोल के लिए पहले कम से कम 20 साल की सजा काटनी होगी। जांच के अनुसार, खान ने पीड़ितों का विश्वास जीतने के लिए स्थानीय मस्जिद में इमाम के रूप में अपनी भूमिका का इस्तेमाल किया और फिर सुनसान जगहों या उनके घरों पर बैठकें तय कीं। शोषण के दौरान, उसने झूठा दावा किया कि उन पर जिन्न या किसी अलौकिक आत्मा का साया है। मेट्रो पुलिस की डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर जेनी रोनन ने कहा कि अब्दुल खान ने खुद को एक सम्मानित और भरोसेमंद व्यक्ति के रूप में पेश किया। हालांकि, यह सच्चाई से कोसों दूर था, उसने इसके बजाय दूसरों को अपना शिकार बनाया और उनका फायदा उठाया।

क्राउन प्रोसैक्यूशन सर्विस की विशेषज्ञ अभियोजक मेलिसा गार्नर ने कहा कि अब्दुल हलीम खान ने कई वर्षों तक महिलाओं और लड़कियों को अपना शिकार बनाने के लिए एक विश्वसनीय धार्मिक नेता के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। उसने अपनी यौन संतुष्टि के लिए उन्हें अपने नियंत्रण में रखा और उनके साथ हेरफेर किया।

### आध्यात्मिक शक्तियों का झूठा दावा


मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि खान ने आध्यात्मिक शक्तियां होने का झूठा दावा किया था और इन दावों का इस्तेमाल 12 साल तक की कम उम्र की लड़कियों को बहलाने-फुसलाने और यौन शोषण करने के लिए करता था।

अदालत को बताया गया कि खान ने टावर हैमलेट्स में बांग्लादेशी मुस्लिम समुदाय की महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाया, क्योंकि इलाके में उसका काफी प्रभाव था और उसे पता था कि पीड़ित समाज में बदनामी और शर्म के डर से यौन शोषण की रिपोर्ट करने से कतराएंगी।

**युद्ध : इस्लामाबाद में यूएस-ईरान सीजफायर वार्ता पर बोले ट्रंप, हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर यह युद्धविराम किया**

# 'पाकिस्तान पर किया एहसान'

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह वास्तव में इस युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे और उन्होंने अन्य देशों के अनुरोध पर इसके लिए सहमति जताई थी।

चीन से लौटते समय राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान के लिए एक एहसान के तौर पर इस युद्धविराम को स्वीकार किया है। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की जमकर तारीफ भी की।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर आगे किसी भी तरह की बमबारी करने से इनकार कर दिया है। गौरतलब है कि इस साल 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया था, जिसके बाद ईरान ने भी खाड़ी देशों पर जवाबी हमले किए और वैश्विक व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को प्रभावी रूप से ब्लॉक कर दिया था।

पिछले महीने दोनों देश एक अस्थायी युद्धविराम पर सहमत हुए थे, लेकिन इस संघर्ष को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए वे अब तक किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं।

दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर अविश्वास को इस गतिरोध की मुख्य वजह बताया है। उन्होंने नई दिल्ली में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वाशिंगटन पर तेहरान को कोई भरोसा नहीं है और ईरान तभी बातचीत में दिलचस्पी रखेगा जब अमेरिका गंभीर होगा।

> **"ट्रंप ने कहा कि हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर यह युद्धविराम किया है। मैं इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने पाकिस्तान के लिए एक एहसान के तौर पर ऐसा किया फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत ही शानदार व्यक्ति हैं।**

### परमाणु ईंधन को लेकर ट्रंप का दावा

इस बीच, ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान के परमाणु ठिकाने नष्ट हो चुके हैं और तेहरान इस स्थिति में नहीं है कि वह वहां से अपना परमाणु ईंधन वापस निकाल सके।

पीटीआई समाचार एजेंसी के अनुसार, ट्रंप ने ईरान से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए कहा, ₹वे एक भयानक रहस्य के साथ सामने आए हैं। उन्होंने कहा है कि वे परमाणु ईंधन नहीं हटा सकते क्योंकि उनके पास इसे हटाने की तकनीक नहीं है। उनके पास न तो इसके लिए समय है और न ही इसका कोई अभ्यास है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने इस संकल्प को दोहराया कि वह ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे और उसे अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को छोड़ना ही होगा। ट्रंप ने यह भी बताया कि चीनी नेता शी चिनफिंग भी इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए।

## नाइजीरिया में आईएसआईएस का नंबर-2 कमांडर अबू-बिलाल ढेर

### ट्रंप बोले- मेरे निर्देश पर अमेरिकी फोर्स ने चलाया ऑपरेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि आईएसआईएस के शीर्ष नेता अबू-बिलाल को अमेरिकी और नाइजीरियाई सेनाओं ने इस्लामिक स्टेट समूह के एक वरिष्ठ नेता को मार गिराया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस सुनियोजित मिशन की सफलता की घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे सक्रिय आतंकियों में से एक अल-मिनुकी अब खत्म हो चुका है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना और नाइजीरियाई सशस्त्र बलों ने एक संयुक्त और बेहद जटिल सैन्य अभियान में मार गिराया है। अबू-बिलाल अल-मिनुकी आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (ISIS) के वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर का शीर्ष नेता था।

ट्रंप ने कहा कि यह मिशन उनके डायरेक्शन में किया गया था और इसमें एक बहुत सुनियोजित प्लान किया गया और बहुत कॉम्प्लेक्स मिलिट्री ऑपरेशन शामिल था। अबू-बिलाल अल-मिनुकी अफ्रीका में छिपने की कोशिश कर रहा था, इससे पहले कि इंटेलिजेंस सोर्स ने उसकी मूवमेंट और लोकेशन को ट्रैक करने में मदद की थी।

ट्रंप ने पोस्ट में लिखा, ₹आज रात, मेरे कहने पर अमेरिकी सेना और नाइजीरिया की आर्म्ड फोर्स ने दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकवादी को लड़ाई के मैदान से खत्म करने के लिए एक बहुत ही प्लान किए गए और बहुत मुश्किल मिशन को बिना किसी गलती के पूरा किया।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**